।। श्री शासनपति महावीराय नमः ।।

।। गुरुदेव प्रभु श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरि गुरुभ्यो नमः ।।

धर्म की विविधा में शाश्वतता का प्रतीक

शाश्वत धर्म

संस्थापक-श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. | अप्रैल-2021

दिव्याशीष-लोकसंत जैनाचार्य श्रीमद्विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. | हिन्दी मासिक

गच्छाधिपति जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. का भांडवपुर महातीर्थ पर पदार्पण

गच्छाधिपति जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. तथा
जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयरत्नसूरिश्वरजी मसा.
के सानिध्य में आयोजन भव्य दीक्षोत्सव क्रमशः मेंगलवा तथा पांथेडी में महोत्सव

पूज्य गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. व
जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म.सा. के सानिध्य में आयोजित

* दिनांक 25 अप्रेल प्रातः आत्मोद्धार-4, के अंतर्गत बीस मुमुक्षुओं को दीक्षा
* दिनांक 25 अप्रेल दोपहर चातुर्मास घोषणा पर्व (आगामी-चातुर्मास की घोषणा)
उपरोक्त कार्यक्रम पेपराल (थराद) जिला बनासकांठा गुजरात में होगा ।

विशिष्ट सहयोगी

1. श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी जैन ट्रस्ट, चैन्नई (तमिलनाडु)
2. श्री संभवनाथ राजेन्द्रसूरि जैन ट्रस्ट मंडल, विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश)
3. श्री सांचा सुमतिनाथ राजेन्द्रसूरि जैन श्वे. ट्रस्ट, मदुराई (तमिलनाडु)
4. श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेन्द्रसूरि जैन ट्रस्ट, त्रिचनापल्ली (तमिलनाडु)
5. श्री सुविधिनाथ राजेन्द्रसूरि जैन श्वे. ट्रस्ट, मैसूर (कर्नाटक)
6. श्री पार्श्वनाथ राजेन्द्र जैन श्वे. ट्रस्ट, गुंण्टुर (आंध्रप्रदेश)
7. श्री राजेन्द्रसूरि जैन श्वेताम्बर ट्रस्ट, सायला (राजस्थान)
8. श्री सायला जैन श्रीसंघ, सायला (राजस्थान)
9. श्री जैन श्वे. त्रिस्तुतिक संघ नारोली (ता. थराद, गुजरात)
10. श्री शंखेश्वर पार्श्व राजेन्द्र जैन श्वे. मूर्तिपूजक संघ, दावणगेरे (कर्नाटक)
11. श्री जैन श्वेताम्बर त्रिस्तुतिक संघ, बागरा, जिला – जालोर (राज.)
12. श्री कुंथुनाथ राजेन्द्र जैन चेरिटेबल ट्रस्ट, सरसी, जिला – रतलाम (म.प्र.)
13. श्री अजितनाथ जैन श्वेतांबर त्रिस्तुतिक श्रीसंघ, बर्डियागोयल (त. जावरा, म.प्र.)
14. श्री अमराईवाड़ी श्वेताम्बर जैन मूर्तिपूजक संघ, बलियावास, अहमदाबाद
15. श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ राजेन्द्र यतीन्द्र जयन्तसेन वाटिका पिपलौदा (रतलाम) म.प्र.)

श्री राजेन्द्रसूरि कीर्ति मन्दिर तीर्थ ट्रस्ट

हमारे गौरव

ट्रस्टीगण महाप्रभावक गुम्मीलेरू तीर्थ

राजस्थान

राष्ट्रसंत श्री के पूज्य माता-पिता
स्वरूपचंदजी धरू एवं पार्वतीदेवी

जैन रत्न श्री गगलदासभाई
हालचंदभाई संघवी, अहमदाबाद

शा. तगराजजी जेठमलजी हिराणी
रेवतड़ा, बैंगलोर

शा. किशोरचंदजी खिमावत
खिमेल, मुम्बई



शा. जेठमलजी लादाजी चौधरी
गढसिवाणा, बैंगलोर

शा. मिश्रीमलजी उकाजी सालेचा
धाणसा, बैंगलोर

संघवी सांकलचंदजी इन्द्रजी वेदमुथा
बैंगलोर

श्री शांतिलालजी रामाणी
गुढाबालोतरा, नेल्लोर

शा. माणकचंदजी छोगाजी बालर
बैंगलोर

श्री पुखराजजी पूनमचन्दजी जोटा
दाधाल



शा. हजारीमलजी गजाजी बंदामुथा

मांगीलालजी शेषमलजी रामाणी
गुढाबालोतरा, नेल्लोर

शंकरलालजी आईदानजी गांधी
नेल्लोर

चंपालालजी वालचंदजी चरली

श्री घेवरचंदजी एल. जोगानी, मुम्बई
भीनमाल

श्री शेषमलजी गुलाबचंदजी जैन
बागरा

हमारे गौरव

3171

श्री हीराचंदजी कानाजी गुंटुर (सियाणावाला)


श्री लालचंदजी सोनाजी संघवी धाणसा (राज.) विजयवाड़ा


स्व. सोलंकी चन्दनमलजी हीराजी आहोर विजयवाड़ा

श्री शांतिलालजी सोलंकी जालोर विजयवाड़ा

श्रीमती मोसंबीबाई पति स्व.श्रीचम्पालालजी तखतगढ़, मुम्बई

श्री बाबूलालजी गुण्टूर

कबदी जीतमलजी कुंदनमलजी सायला

भंडारी वस्तीमलजी खीमाजी विजयवाड़ा, आहोर

शा. रिखबचंदजी सरूपाजी सोफाडीया, रेवतडा

भंडारी पीरचंदजी केवलचंदजी बागरा


स्व. शा ओटमलजी गोराजी वेदमुथा, रेवतडा

शा. पारसमलजी हस्तीमलजी भंडारी, सायला

स्व. शा. गुमानमलजी धुकाजी मोदी, धानसा

मुथा उदयचंदजी जवाजी धाणसा


शा पुखराजजी फूलचंदजी दुरगानी, मोदरा, विजयवाड़ा


शा. घेवरचंदजी हंजाजी संघवी, धाणसा

शा. सरेमलजी गेनाजी सियाणा, विजयवाड़ा

शा. छगनराजजी मांडोत गुन्टुर

शा मोहनलालजी गोवानी चोरायु

शा. नरसाजी आसाजी बाफणा कोरा (राज.)


शा प्रतापचंदजी किसनाजी कटारिया संघवी अमरसर, सरत

श्री शा. कालूचंदजी हंजाजी संकलेचा, मेंगलवा/मदुराई


स्व. शा. दरगचंदजी हरकाजी सकलेचा मेंगलवा/मदुराई


स्व. श्री मिश्रीमलजी भंडारी जोधपुर/चैन्नई


श्री उत्तमचंदजी दरगचंदजी संकलेचा, मेंगलवा/मदुराई

36033

हमारे गौरव

शा. नरेन्द्रकुमारजी रायकचंदजी पोरवाल
बागरा

श्री चंदनमलजी जेठमलजी
बागरा

श्री सुखाराजजी केसाजी
मेंगलवा

श्री रतनचंदजी कुन्दनमलजी
मेंगलवा

श्री नथमलजी खुमाजी
बागरा

श्री जेठमलजी कुंदनमलजी
मेंगलवा

श्री सांवलचंदजी कुंदनमलजी
मेंगलवा

श्री दूधमलजी मानकचंदजी
मेंगलवा

श्री बाबुलालजी सरेमलजी
मोदरा

श्री छगनराजजी भानाजी गांधी
सियाना

शा.सुमेरमलजी वरदीचंदजी वाणीगोता
आहोर (राज.)

श्री संघवी मानमलजी वीरमाजी
दादाल

श्री कांतिलालजी मूलचंदजी नानावत
आहोर

शा. उकचंदजी हिमताजी हिराणी
रेवतड़ा

शा. ओपचंदजी जवाजी ओस्तवाल
सायला

स्व.श्री एम. फूलचंदजी शाह
दावणगिरी

शा. मोडमलजी जोईताजी बाफना
थलवाड नेल्लोर

स्व. श्रीमती बदामीबाई मोडमलजी
बाफणा–थलवाड़, नेल्लोर

मुथा थानमलजी कानाजी
आहोर विजयवाड़ा

स्व. सुखराजजी पिताजी कटारिया
संघवी धाणवसा विजयवाड़ा


संघवी भेरमलजी जेठाजी
मारवाड में अमरसर (सरत) विजयवाड़ा

सेठ भगराजजी कुनणमलजी
सांचोर

शा. फुलचन्दजी सुखराजजी गांधी
सियाणा यादगीरी


श्री राणमलजी हिमताजी
दादाल

श्री पुखराजजी नेकाजी कटारिया
संघवी, धानसा

सा सांवलचंदजी प्रतापजी
वाणीगोता, अमरसर (सरत)

हमारे गौरव


स्व.सा तिलोकचन्दजी प्रतापजी
वाणीगोता, अमरसर (सरत)

स्व.सा नरसीगमलजी प्रतापजी
वाणीगोता, अमरसर (सरत)


स्व.सा पुखराजी प्रतापजी
वाणीगोता, अमरसर (सरत)

स्व.सा परकचंदजी प्रतापजी
वाणीगोता अमरसर (सरत)

संघवी शा. मिश्रीमलजी विनाजी
पटियाल धाणसा/बैंगलोर

श्री फुलचन्दजी सांकलचन्दजी
कोशेलाव

डूंगरचंदजी सोलंकी
सायला (राज.)

मीठालाल मनोहरलालजी झोरा
दाघाल–कोयम्बतूर

श्री उम्मेदमलजी हरकचंदजी
बाफना, पाँथेड़ी

श्री भंवरलालजी कुन्दनमलजी
संघवी, मोदरा (राज.)

पातीबाई वस्तीमलजी
कबदी, सायला

श्री ओटमलजी वर्धन
सायला

श्री जुगराजजी नाथाजी कबदी
सायला

श्री हेमराजजी कबदी
सायला

श्री हस्तीमलजी गांधीमूथा
सायला

श्री घेवरचंदजी गांधीमूथा
सायला


श्री चम्पालालजी गांधीमूथा
सायला

शा. धर्मचंदजी मिश्रीमलजी संघवी
आलासन

श्री देशमलजी सरेमलजी
मोदरा/बैंगलोर

शा. श्री स्व. हीराचन्द
फुलाजी गांव चुरा

श्रीमती पवनीदेवी दूधमलजी
कबदी, सायला


श्री दूधमलजी पूनमचंदजी
कबदी, सायला

श्री हस्तीमलजी केवलचन्दजी
फोलामुथा, सायला

श्री रमेशभाई हरण
भीनमाल, राजस्थान

श्री उगमराजजी तौलचंदजी
कटारिया संघवी, धानसा (हैदराबाद)

स्व.श्री कन्हैयालालजी
सेठिया, कुशलगढ़

दलाल स्व. श्री बाबूलालजी
मेहता, कुशलगढ़

हमारे गौरव

शा. खुशालचंदजी गेबाजी
डामराणी मेंगलवा (हैदराबाद)

शा. जावंतराजजी
पाथेड़ी

शा. बगराजजी नरसाजी
झोटा, दाधाल


भंवरलालजी कानुगा
जालोर

श्री तिलोचन्दजी झोटा
(हैदराबाद)

सत्रु अग्रवाल
जालोर

पुखराजजी समताजी
गांधीमुथा, सायला

धर्मचंदजी चंदाजी
नानेसा, आकोली


शा. धींगड़मलजी भंवरलालजी
पटवारी, मांडवला/तिरुचि

कमलाबाई धींगड़मलजी पटवारी
चैन्नई, मांडवला

शा. निहालचंदजी धुलाजी
कातरेला, आहोर/मुंबई

गुजरात

वोरा अमृतलालजी डूंगरजी
अहमदाबाद

शा. तिलोकचंदजी चुन्नीलालजी छाजेड़
नैनावा


वोरा चिमनलालजी नथुचंदभाई

मोरखिया मणिलाल प्रेमचंदभाई
मुम्बई

श्री बाबूलालजी नाथाजी भंसाली
दाहोद

श्री चिमनलालजी पीताम्बरदासजी
देसाई


वेदलीया हालचंद भाई
भाणजी भाई, भोरडुवाला, डीसा


संघवी मुलचन्द भाई
त्रिभुवनदास, थराद

महाजनी ताराबेन
भोगीलाल सरूपचन्द, थराद

देसाई छोटालाल अमूलख भाई

संघवी धुड़ालाल अमृतलाल
(वकील)

शाह श्री राजमल भाई डूंगरजी भाई
थराद

संघवी श्री हीरालालजी कागजीभाई
थराद (लाटीवाला)

देसाई श्री हालचंदजी उजमचंदजी
थराद


श्री नरपतलाल वीरचंदजी संघवी
थराद

हमारे गौरव

वोहरा श्री प्रेमचंदभाई जीतमल भाई थराद


संघवी चिमनलाल खेमचंद थराद

संघवी पूनमचंद खेमचंद थराद

संघवी वीरचंद हठीचंद थराद

वोहेरा श्री माणकलाल भूदरमल दूधवा (गुज.)

मोरखीया अमृतलालजी चुन्नीलाल लाखणी

दलपतभाई खेमचंद महाजनी

श्री मफतलालजी हंसराज वारिया, (वड़गामड़ा) डीसा


अदाणी अमृतलाल मोहनलाल थराद

श्री चन्दूमल मफतलालजी वोहेरा, दुधवा (गुजरात)

मध्यप्रदेश

श्री शांतिलालजी भंडारी झाबुआ

श्री मदनलालजी सुराना रतलाम

श्री इन्दरमलजी दसेड़ा जावरा

स्व.मणिलालजी पुराणिक कुक्षी

स्व. समरथमलजी तल्लेरा कर्मड़वाला, उज्जैन

श्री सुजानमलजी जैन राणापुर (म.प्र.)

संघ शिरोमणी राजमलजी तलेसरा, पारा

भण्डारी चम्पालालजी रामाजी, पारा


श्री गट्टूलालजी रतिचंदजी सालेचा औरा, पारा


श्री कांतिलालजी केसरीमलजी भंडारी, पारा

स्व. भव्य हिमांशु लुणावत दाहोद (गुजरात)

स्व. श्री सुभाषजी भण्डारी मनावर (मेघनगर वाले)

श्री समरथमलजी पगारिया पारा जि. झाबुआ (म.प्र.)

श्री चांदमलजी वरदीचंदजी तांतेड़, लेडगांव


श्री मानसिंहजी राजगढ़

स्व. श्री कालूरामजी औरा टोपीवाले, रतलाम


स्व. श्री बाबुलालजी भारतीय खाचरौद

जैन भूषण स्व. श्री वर्धमानजी राठौर (बड़नगर)

हमारे गौरव

स्व. श्री प्रकाशचंद्र लुणावत
(बामनिया वाले)

स्व.श्री रितेशकुमार
शांतिलालजी डुंगरवाल, इन्दौर

स्व.श्री सागरमल भंडारी
(झाबुआ) इंदौर

स्व.श्रीमती चन्द्रकान्ता
सागरमलजी भंडारी
(झाबुआ) इंदौर



समाज गौरव
श्री शांतिलाल सकलेचा
रानापुर

कर्नाटक

श्री भंवरलालजी तिलोकचन्दजी
वाणीगोता, बीजापुर (कर्नाटक)

श्री मनोहरमलजी फूजाजी
भंडारी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री हिराचंदजी पुखराजजी
वाणीगोता, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री शेषमलजी ताराजी
कांकरिया, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री इंदरमलजी नेनमलजी
संघवी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री रूपचंदजी फूलाजी
भंडारी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व.भंडारी भुरमलजी भानाजी
मेंगलवा, (बीजापुर)

स्व. श्री दिनेशकुमार भुरमलजी
भंडारी , बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री प्रतापचंदजी समनाजी
पोरवाल, बीजापुर (कर्नाटक)

श्री सुखराज प्रतापचंदजी
पोरवाल, बीजापुर (कर्नाटक)



स्व. श्री कुंदनमलजी फुलाजी
संकलेचा, मेंगलवा (कर्नाटक)

श्री उम्मेदमलजी प्रतापजी
कंकुचौपडा, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री नागराजजी वालचंदजी
पाटनी , बीजापुर (कर्नाटक)

स्व.श्री मोहनलालजी मुलचंदजी
चौवाटिया, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री कुन्दनमलजी
फुलाजी सकलेचा (बीजापुर)



श्री धनराजजी नेनमलजी
संघवी, आलासन (बीजापुर)

श्री मुलचंदजी खुमाजी
बाफना, बीजापुर (कर्नाटक)

श्री देवीचंदजी हजारीमलजी
कावदी, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व.श्री रिखबचंदजी भभुतमलजी
पोरवाल, बीजापुर (कर्नाटक)

स्व. श्री डुंगरचंदजी हजारीमलजी
कबदी, बीजापुर (कर्नाटक)



शाह सोहनलाल
मिश्राचंदजी बीजापुर

सुमेरमलजी अनाजी
वाणीगोथा, बीजापुर/भीनमाल

शा. श्री वस्तीमलजी सोनाजी
बाफना, बीजापुर (सायला)

धर्म की विविधा में शाश्वतता का प्रतीक
शाश्वत धर्म
अप्रेल 2021 संस्थापक-श्रीमद्विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. हिन्दी मासिक

संस्थापक :
स्व. गुरुदेव श्रीमद् विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा.

दिशा निर्देशक :
स्व.पू. लोकसंत जैनाचार्य श्रीमद्
विजय जयंतसेनसूरीश्वरजी म.सा.

सम्पादक :
सुरेन्द्र लोढ़ा
E-mail : shaswatdharmajain@yahoo.in

कार्यालय :
शाश्वत धर्म
ठि. गुरु श्रीमद् राजेन्द्रसूरि शताब्दी मार्ग
धानमंडी, मंदसौर (म.प्र.)458002

शाश्वत वर्ष 69 अंक 4
वीर सं.2541 राजेन्द्र सं.109 विक्रम सं. 2077

इस अंक का मूल्य	-	15 रु.
एक वर्ष का शुल्क	-	150 रु.
पांच वर्ष का शुल्क	-	600 रु.
दस वर्ष का शुल्क	-	1100 रु.

शाश्वत धर्म संचालन समिति

श्री शांतिलाल रामानी	(संयोजक)
श्री रमेशभाई धरू	(परिषद अध्यक्ष)
श्री सुधीर लोढ़ा	(महामंत्री)
श्री ओ.सी. जैन	(न्यासी)
श्री विनोद संघवी	(न्यासी)
आदि	

भारत सरकार का पंजीयन क्र. 13067/57
स्वामी अ.भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् के लिए **सुरेन्द्र लोढ़ा**, गुरु श्रीमद् राजेन्द्रसूरि शताब्दी मार्ग, धानमण्डी, मंदसौर द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित।
मुद्रक -छाजेड़ प्रिन्टरी प्रा.लि., रतलाम

प्रेरक प्रसंग

वासना के आकाश से गिर पड़े

राजकुमार नन्दीषेण तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के शिष्य बनकर संयम मार्ग पर अग्रसर हो गये। उनने साधना कर कई लब्धियां भी प्राप्त कर लीं।

प्रतिदिन भिक्षार्थ राजधानी में भ्रमण करते हुए एक दिन वैश्यालय की ओर चले गये। भूल से एक वैश्या के मकान में जाकर बोले- 'धर्मलाभ !'

वैश्या ने कुटिल हास्य करते हुए उत्तर दिया- 'यहां धर्मलाभ नहीं, धनलाभ को स्थान है। तुम्हारे पास है कुछ या ठनठनपाल ।'

नन्दिषेण मुनि ने वैश्या के व्यंग को चुनौती माना तथा लब्धि का उपयोग कर स्वर्णवर्षा कर दी। वैश्या ने उनका रास्ता रोक लिया तथा कहा- 'अब ! जा नहीं सकते।'

मुनि ने उत्तर दिया- 'मैं ठहर सकता हूं लेकिन एक शर्त- प्रतिदिन दस जीवों को संयम पथ पर अग्रसर कर ही भोजन करूंगा।'

क्रम चला। एक दिन मुनि की प्रेरणा से नौ की संख्या हो गई। दसवां कोई नहीं मिला। मुनि खेद करने लगे। वैश्या ने व्यंग कसा-

'अरे ! नौ हो गये। दसवां नहीं मिला तो आप स्वयं।'

मुनि मानों आकाश से गिर पड़े, नींद से जागृत हो गये। सब कुछ त्याग कर फिर चल दिये संयम मार्ग अपनाने तीर्थंकर श्री महावीर के चरणों में।

- सुरेन्द्र लोढ़ा

अनुक्रमणिका

1.	आँखों वाला बनता है अंधा अभिमान से (प्रवचन) (स्व. श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.)	09
2.	आत्मनिर्भरता और भगवान महावीर (डॉ. दिलीप धींग)	11
3.	मन एवं मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयोः	13
4.	मन पर विजय प्राप्त करें...	16
5.	ध्यान प्रक्रिया से मानसिक व स्वास्थ्य लाभ (मंयक कुमार जैन)	17
6.	चिन्तन का चित्रांकण (गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा.)	20
7.	उत्तम आहार शाकाहार (जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म.सा.)	21
8.	गणधरवाद (स्व. श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.)	22
9.	अध्यक्षी पाती(वाघजीभाई वोरा), अध्यक्षीय संदेश (रमेशभाई धरू)	24
10.	सम्पादकीय (सुरेन्द्र लोढ़ा)	25
11.	भारतीय गणतंत्र की धुरी वैशाली (श्री शान्तिलाल सगरावत, मंदसौर)	27
12.	आध्यात्मिक उपलब्धि (अतिथि रचना) (आचार्य श्री विद्यासागरजी म.सा.)	28
13.	प्रश्नोत्तरी	29
14.	सबकी खुशी और सुख चाहते हैं तो ईर्ष्या छोड़िए	30
15.	महाराजा श्रेणिक (मुनिराज डॉ. सिद्धरत्नविजयजी म.सा.)	31
16.	हम जय जिनेन्द्र क्यों कहते हैं ?	32
17.	श्री नवकार कल्पद्रुम (मुनिराज श्री विद्वद्रत्नविजयजी म.सा.)	33
18.	किस्मत की बात (स्व. श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.)	35
19.	मानसिक तनाव से मुक्ति	37
20.	प्रतिक्रमण याद करने के लाभ (डॉ. दिलीप धींग, चेन्नई)	39
21.	जैन इतिहास के अधखुले पृष्ठ (संशोधक- मुनि श्री चारित्ररत्नविजयजी म.सा.)	40
22.	श्री जयंतसेन जयनाद (मुनि श्री प्रशमसेनविजयजी म.सा.)	41
23.	जिनशासन की वर्णमाला (साध्वी श्री तृप्तिदर्शनाश्रीजी म.सा.)	43
24.	आत्मोद्धार है तो आनन्द है (सुहानी आंचलिया, जावरा)	45
25.	गुजराती संभाग	46
26.	कुमकुम सने पगलिये	62
27.	परिषद प्रांगण से	65
28.	श्री संघ सौरभ	70
29.	जैन विश्व	74
30.	शाश्वत धर्म के संक्षक	75-76



प्रवचन

आंखों वाला बनता है अंधा अभिमान से

स्व. पुण्य सम्राट युग प्रभावक लोकसंत जैनाचार्य
श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.

महानुभावों !

चरम तीर्थंकर महावीर स्वामी अपने अन्तिम उपदेश का प्रारम्भ करते हुए शिष्यों से कह रहे हैं-

संजोगा विप्पमुक्कस्स, अणगारस्स भिक्खुणो ।
विणयं पाउकरिस्सामि, आणुव्वि सुणेह मे।।

संयोगों से मुक्त अनगार भिक्षु के लिए मैं विनय का स्वरूप प्रकट करने वाला हूँ। आप क्रमशः मेरी बातें सुनिये।

आत्मा से संयुक्त होने वाली दूसरी कषाय अभिमान के विषय में हम यहाँ चिंतन कर रहे हैं :-

सर्पों का राजा वासुकि नाग अपने दाँत में प्रचुर विष रखने पर भी घमंड नहीं करता, परन्तु बिच्छु के पास एक बूँद विष होता है, फिर भी वह डंक को घमंड से उठाये-उठाये फिरता है।

विषभारसहस्त्रेण, गर्वं नायाति वासुकिः ।
वृश्चिको बिन्दुमात्रेणाप्यूर्ध्वं वहति कण्टकम् ।।

ठाकुर स्वरूपसिंहजी अपने शिष्य राजिया को संबोधित करते हुए एक सोरठे के माध्यम से राजस्थानी भाषा में क्या ही सुंदर ढंग से यही दृष्टांत यों कहते हैंः-

मणिधर विष अणमाव, धारै पण नाणे मगज।
बिच्छु पूँछ बणाव, राखै सिर पर राजिया ।।

पोखर का गँदला जल पीकर भी मेंढक टर्र-टर्र करने लगता है, परन्तु दूसरी ओर मधुर आम के फल खाकर भी तोता घमंड नहीं करता। एक अंगुल गहरे पानी में भी मछली फड़फड़ाती है, परन्तु अथाह असीम जल वाले समुद्र में रहकर भी व्हेल मछली को गर्व नहीं होता। थोथा चना बाजे घना। जो चना थोथा होता है, उसमें से आवाज निकलती है, परन्तु जो चना ठोस होता है, वह आवाज नहीं करता। सोंठ का टुकड़ा भी मिल जाये तो चूहा अपने को पंसारी (जड़ी-बूटी रखने वाला व्यापारी) समझता है, क्योंकि आखिर वह चूहा ही तो है? साधारण व्यक्ति भी इसी प्रकार कहीं से जरा-सी जानकारी प्राप्त हो जाये तो अपने को बड़ा भारी पंडित समझने लगता

है। दूसरी ओर पंडित विनीत हो जाता है, क्योंकि उसकी जानकारी जैसे- जैसे बढ़ने लगती है, वैसे-वैसे वह अपने को अज्ञानी मानने लगता है। एक शायर ने अपनी इस दशा का परिचय देते हुए लिखा है-

हम जानते थे, इल्म से कुछ जानेंगे ।
जाना तो यह जाना कि, न जाना कुछ भी ।।

शास्त्र पढ़कर हम विद्वान बनेंगे- ऐसा मान बैठे थे, परन्तु शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद हमने यही समझा कि हम कुछ नहीं जानते, क्योंकि अध्ययन से बुद्धि का तो विकास होता है, परन्तु ज्ञान प्राप्त नहीं होता। ज्ञान तो अपने चिंतन-मनन से प्राप्त होता है, अनुभव से प्राप्त होता है, पुस्तकों से नहीं। पुस्तकों से सहायता मिल सकती है अवश्य, क्योंकि उसमें दूसरे के अनुभव लिखे होते हैं, परन्तु अपना अनुभव ही हमें सच्चा ज्ञानी बना सकता है। सच्चे ज्ञानी में अभिमान नहीं, विनय होता है।

जो व्यक्ति पानी में तैर रहे होते हैं, वे ही बोल सकते हैं, परन्तु जो पानी में डुबकी लगा लेते हैं, वे बोल नहीं सकते। इस प्रकार जो ज्ञान की सतह पर होते हैं, वे ही बड़बड़ाहट करते हैं, बकवास करते हैं, परन्तु गंभीर ज्ञानी मौन रहते हैं। बहुत आवश्यक होने पर ही वे खूब सोच-समझकर बोलते हैं ।

पहले पंडितों में शास्त्रार्थ हुआ करता था। शास्त्रार्थ का मतलब यह होता है कि अमुक शास्त्र वाक्यों का अर्थ मैं ऐसा करता हूँ अथवा अमुक-अमुक शास्त्रीय वाक्य मेरी बात का समर्थन करते हैं, इसीलिए मेरी बात सच्ची है, मानने योग्य है। यही बात विपक्षी पंडित भी कहता था। इस शास्त्रार्थ के मूल में गर्व (अहंकार) होता है-

वादमिच्छन्ति गर्विताः ।

जिसमें गर्व होता है, उसका चिंतन कुछ-कुछ इस प्रकार होता है : जो मेरी तरह सोचता है वही बुद्धिमान है, जिस आदमी के विचार मेरी विचारधारा से मेल नहीं खाते वही मूर्ख है, जिसका आचरण मैं करता हूँ, वही सबके लिए उपादेय कार्य है, आदर्श कर्त्तव्य हैं।

आश्चर्य होता है यह देखकर कि दूसरों के घमंड से नफरत करने वाला स्वयं अपने घमंड को छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता। घमंडी दो भूलें एक साथ करता है। अपने को सर्वोत्तम मानना उसकी पहली भूल है और दूसरों को हीन (तुच्छ) समझना उसकी दूसरी भूल है।

अभिमानी कहता है : 'जगत मेरा सेवक है', जबकि विनयवान् यह कहता है : 'मैं जगत का सेवक हूँ।' यही उन दोनों में अंतर है। फटी जेब में धन (रुपये-पैसे) जिस प्रकार सुरक्षित नहीं रहता, उसी प्रकार अभिमानी के मन में विद्या सुरक्षित नहीं रह सकती।

अभिमानी के हृदय में, ज्ञान न करता धाम ।
फटी जेब में क्या कभी, रह सकते हैं दाम ।।

◆◆◆

आत्मनिर्भरता और भगवान महावीर

(डॉ. दिलीप धींग)
निदेशक : अंतरराष्ट्रीय प्राकृत अध्ययन व शोध केन्द्र

जैन धर्म और श्रमण संस्कृति का गौरवशाली प्रासाद जिन आधारभित्तियों पर खड़ा है, उनमें एक आत्मनिर्भरता भी है। श्रमण का एक अर्थ होता है- श्रमपूर्वक स्वावलम्बी जीवन जीने वाला यानी आत्मनिर्भर। आगम ग्रंथों में श्रमण शब्द की महिमा का पता इससे चलता है कि उसे तीर्थंकरों के साथ भी प्रयुक्त किया गया। जैन श्रमण-श्रमणियों का जीवन आत्मनिर्भरता का जीवन्त रूप होता है। जैन दर्शन का वस्तु स्वातंत्र्य का सिद्धान्त आत्मनिर्भरता की सत्ता व महत्ता का सूक्ष्म विश्लेषण करता है। तीर्थंकरों के जीवन का हर कदम और आगम-साहित्य का हर पृष्ठ आत्मनिर्भरता, आत्म-पुरुषार्थ और स्वावलम्बन की प्रेरणा व सन्देश देता है।

अभिनिष्क्रमण के बाद भगवान महावीर कमारग्राम के समीप वनखण्ड में ध्यान में स्थिर थे, उस समय साधनाकाल का पहला उपसर्ग ग्वाले ने उपस्थित किया। तब देवराज इन्द्र ने प्रभु के समक्ष आकर निवेदन किया- 'प्रभु लोग अज्ञानी और मूढ़ हैं, आपको साधनाकाल में अनेक कष्टों का सामना करना पड़ेगा, मुझे आज्ञा प्रदान कीजिये कि साधनाकाल में मैं आपके कष्ट-निवारण किया करूँ।'

महाश्रमण महावीर ने इन्द्र की प्रार्थना का उत्तर देते हुए कहा- 'देवराज ! आत्मसाधक के जीवन में आज तक न कभी ऐसा हुआ, न होता है और न भविष्य में होगा कि आत्मसिद्धि किसी दूसरे के बल पर या परनिर्भरता से प्राप्त की जा सके।'

भगवान महावीर के इस उत्तर में सम्पूर्ण जैन धर्म, दर्शन व संस्कृति का सार समाया हुआ है। साधक का आदर्श है, वह अकेला पुरुषार्थ से चलता रहे- एगोचरे खगविसाकप्पे । **'महावीर चरियं'** में नेमिचन्द्र लिखते हैं। **करिसंगट्ठे सीहो, अहिलसइ किमन्न साहेज्जं ?** अर्थात् विराट्काय हाथियों से घिर जाने पर भी सिंह कभी दूसरों के सहयोग की अपेक्षा नहीं करता है।

साधनाकाल में भगवान महावीर को क्षणभर के लिए निंद्रा आ गई थी। उस दौरान उन्होंने जो दस स्वप्न देखें, उनमें चार स्वप्न पुरुषार्थ और आत्मनिर्भरता की प्रबल प्रेरणा देते हैं-

1. मैं एक भयंकर ताड़-सदृश पिशाच को परास्त कर रहा हूँ। (स्वप्न संख्या-1)

2. मैं तरंगाकुल महासमुद्र को अपने हाथों से तैरकर पार कर रहा हूँ। (स्वप्न संख्या-7)

3. मैं अपनी वैडूर्य वर्ण आँतों से मानुषोत्तर पर्वत को आवेष्टित कर रहा हूँ। (स्वप्न संख्या-9)

4. मैं मेरू पर्वत पर चढ़ रहा हूँ। (स्वप्न संख्या-10)

भाग्यवाद और नियतिवाद के अतिशय प्रचार से जब भारतीय चेतना में एक जड़ता-सी आ गई थी, ऐसे समय में जैन धर्म के पुरुषार्थवाद ने मानव के बाह्य और आन्तरिक जीवन में खुशियाँ लौटाई। आज बेरोजगारी के भयावह संकट के दौर में पुरुषार्थवाद समाधान देता है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ऋषभदेव ने असि, मसि, कृषि तथा विद्या, वाणिज्य और शिल्प का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया था। जैन जीवन शैली में आत्मनिर्भरता के सूत्र भरे पड़े हैं। सार रूप में चार सूत्रों की यहाँ चर्चा की जा रही है-

1. पुरुषार्थ : यह आत्मनिर्भरता का प्रधान सूत्र है। पुरुषार्थ हमें निष्ठावान और कर्तव्यपरायण बनाता है। कार्य कोई छोटा या बड़ा नहीं होता , वह अच्छा या बुरा हो सकता है। छोटे से छोटा अच्छा कार्य करने में भी हमें संकोच नहीं करना चाहिये। पुरुषार्थ के क्षितिज पर ही सिद्धि का सूरज उगता है। जो पुरुषार्थ नहीं करता उसका भाग्य भी सो जाता है।

2. अयाचक भाव : आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि मानव अपने मन में दीनता और हीनता नहीं पैदा होने दे। वह अपनी शक्तियों व क्षमताओं को पहचाने और आत्मविश्वास से आगे बढ़े। जैन धर्म के मुख्य श्रद्धा-सूत्र णमोकार महामंत्र में भी पंच परमेष्ठी को वन्दन-नमस्कार है, कहीं कोई याचना नहीं है।

3. व्यसन – मुक्ति : व्यसन व्यक्ति को शक्तिहीन कर देते हैं। वे व्यक्ति की स्वतन्त्रता छीन कर उसे पराधीन बना देते हैं। जैनों की सम्पन्नता की एक वजह उनका व्यसन-मुक्त होना है। आत्मनिर्भरता की दिशा में व्यसन-मुक्ति एक ऐसा स्वर्ण-सूत्र है कि इससे केवल व्यक्ति ही नहीं, वरन् समुदाय और राष्ट्र भी आत्मनिर्भर बनते हैं।

4. संयमित जीवन : संयमः खलु जीवनम्(संयम ही जीवन है), इस सूत्र के अनुसार आज इस चेतना को जगाना महत्वपूर्ण है कि हम कम से कम में कितना काम चला सकते हैं। संयमित जीवन जीने वाला परिस्थितियों के पराधीन नहीं होता है। वह धन, स्वास्थ्य और जीवन की प्राण-ऊर्जा की बचत करता है। संयम और अपरिग्रह सहसम्बन्धित है और अपरिग्रह आत्मनिर्भरता का ही एक सूत्र है।

ये आत्मनिर्भरता के ऐसे प्रभावी सूत्र हैं, जो मानव को भीतर और बाहर दोनों स्तरों पर स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। श्रम, संयम और अहिंसा की यह जीवनशैली व्यक्ति एवं समाज को अधिक समर्थ, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम हैं।

7, Ayya Mudali Street,
Sowcarpet, Chennai-600001

◆◆◆

मन एवं मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयोः

मन सर्वशक्तिमान, सर्वगत और परमात्मा का एक कल्पनात्मक स्वरूप है। मन का परमात्मा के साथ घनिष्ठ संबंध है। मन और ब्रह्म दो भिन्न वस्तुएं नहीं हैं। ब्रह्म ही मन का आकार, धारण करता है। अतः मन अनंत और अपार शक्तियों का स्वामी है। मन स्वयं पुरुष एवं जगत का रचयिता है। मन के अंदर का संकल्प ही बाह्य जगत में नवीन आकार ग्रहण करता है, जो कल्पना चित्र अंदर उदय होता है, वही बाहर स्थूल रूप में प्रकट होता है।

मन का स्वभाव संकल्प है। मन के संकल्प के अनुरूप ही जगत का निर्माण होता है। वह जैसा सोचता है, वैसा ही होता है। मन जगत का सुप्त बीज है। संकल्प द्वारा उसे जाग्रत किया जाता है। यही बीज पहाड़ समुद्र, पृथ्वी और नदियों से युक्त संसाररूपी वृक्ष को उत्पन्न करता है। मन ही जगत का उत्पादक है। सत्, असत् एवं सदसत् आदि मन के संकल्प हैं। जाग्रत, स्वप्न और भ्रम आदि सभी अवस्थाएँ मन के रूपांतर हैं। देश और काल का विस्तार व क्रम भी मन के नियंत्रण में है। मन ही लघु को विभु और विभु को लघु में परिवर्तित करता रहता है।

मन में सृजन की अपार संभावनाएं सन्निहित हैं। मन स्वयं ही स्वतंत्रतापूर्वक शरीर की रचना करता है। देहभाव को धारण करके वह जगत रूपी इंद्रजाल बुनता है। प्रत्येक मन का संसार भिन्न एवं अद्भुत होता है। मनुष्य स्वयं अपने भाग्य का निर्माता है। इस निर्माण प्रक्रिया में मन का महत्वपूर्ण योगदान है। मन का चिंतन ही उसका परिणाम है। यह जैसा सोचता है और प्रयत्न करता है वैसा ही उसका फल मिलता है।

मन के चिंतन पर ही संसार के सभी पदार्थों का स्वरूप निर्भर करता है। जिस वस्तु का जिस भाव से चिंतन किया जाता है, वह वस्तु उसी प्रकार से अनुभव में आने लगती है। सतत चिंतन से असत्य पदार्थ भी सत्य प्रतीत होने लगता है एवं विष भी अमृत बन जाता है। शत्रु एवं मित्र का भाव चिंतन पर आधारित है। मित्र-बुद्धि से शत्रु मित्र बन जाता है एवं शत्रु-बुद्धि से मित्र शत्रु हो जाता है । दुःख - सुख और खट्टा-मीठा सभी मन की कल्पनाएं हैं। जैसा हमारा होता है वैसा ही हमारा जगत् ।

मन दृढ़ भावना के साथ जैसी कल्पना करता है, उसको उसी रूप में उतने ही समय तक और उसी प्रकार का फल अनुभव होता है। अतः इस जगत की वस्तु न

सत्य है और न असत्य। जिसने जिसको जैसा समझा, उसे वह वैसा ही दिखाई पड़ता है। मन में उपजे विचार ही वासनाओं और क्रियाओं के रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। इस तरह व्यक्ति अपने विचारों के संसार में निमग्न हो जाता है, क्योंकि उसी के अनुरूप उसको आस्वादन मिलता है। प्रत्येक वस्तु को वह अपने मन के अनुसार देखता है।

दृढ़ निश्चयी मन का संकल्प बड़ा बलवान होता है। वह जिस विचार में स्थिर हो जाता है, परिस्थितियां वैसी ही विनिर्मित होने लगती हैं। स्वयं में न तो नीम कडुआ है और न गुड़ मीठा, न अग्नि गरम और न चन्द्रमा शीतल। मन जिसमें रमा वही उसका गुण प्रतीत होता है। बुरी-से-बुरी चीज एवं परिस्थितियों में भी वह आनंद उठा सकता है और अच्छी-से-अच्छी परिस्थिति में भी कष्ट एवं बेचैनी का अनुभव कर सकता है। शुद्ध एवं पवित्र मन की परिणति तत्काल एवं तत्क्षण होती है।

शुद्ध मन का आकार एवं स्वरूप प्रखर एवं प्रभावपूर्ण होता है। सतत् अभ्यास द्वारा मन को शक्तिशाली बनाना संभव है। उसके लिये कुछ भी असंभव नहीं है। अपने संकल्प बल द्वारा असंभव को संभव कर दिखाता है। ऐसा मन शरीर के नष्ट होने पर भी अपना अस्तित्व बनाए रखता है। इसका निश्चय हिमालय के समान अटल एवं समुद्र जैसा गंभीर होता है। सफलता इसकी दासी के समान है। निश्चित रूप से समस्त जड़ और चेतन मन के अधीन है। मन ही बंधन और मोक्ष का कारण है।

मन के होने के कारण ही हम मनुष्य कहलाते हैं। यही सुख और दुःख की रचना करता है। यही सुख एवं ऐश्वर्य के साधन जुटाता है और यही भीषण दुःखों को आमंत्रण देता है। मन के अनुरूप ही मनुष्य होता है। शुभ-अशुभ कर्मों का कारण भी यही है। मन को साध लेने पर सभी सध जाता है। साधना का मूल यह मन ही है।

दृश्य जगत इसकी इच्छाओं का मात्र छायाचित्र है। इच्छाओं के अवसान होते ही यह तिरोहित हो जाता है। मन द्वारा रचा हुआ यह एक महान स्वप्न है। यह विभिन्न प्रकार के अगणित पदार्थों वाला, तत्वरहित संसार संकल्पनात्मक मन के कर्म द्वारा सृजित सृजन है। रेशम के कीड़े के समान मन अपनी वासना पूर्ति हेतु देह का निर्माण करता है। कुम्हार के घड़े के समान इसे गढ़ता है। हाड़मांस की यह देह कुछ नहीं है, बल्कि मन की कल्पना द्वारा खड़ी की गई एक संरचना है। देह क्या है? यह पूर्वकाल की, अभ्यास द्वारा विनिर्मित वासनाओं की एक आवृत्ति है। देहभाव से मन को देहत्व का बोध होता है। इससे परे हो जाने पर मन देहभाव से मुक्त हो जाता है। फिर न तो

कष्ट-कठिनाइयों का अनुभव होता है और न इसकी समस्या ही होती है। योगी अपने संकल्प बल द्वारा मन को परिपक्व कर लेते हैं। उनका सूक्ष्म शरीर विकसित हो जाता है। वे असाधारण शक्तियों एवं चमत्कारों के स्वामी बन जाते हैं। शारीरिक रोगों का कारण भी मन ही है। मन को शुद्ध एवं पवित्र कर शरीर को निरोग एवं स्वस्थ किया जा सकता है। मन की पवित्रता से वासना भी उच्च कोटि की बन जाती है। दुःख के दो कारण हैं, आधि और व्याधि। शारीरिक दुःखों का नाम व्याधि है और मानसिक दुःखों को आधि कहते हैं। अज्ञानजनित मन अपने वश में नहीं होता। इससे मन में वासनाएं उठती हैं। इनकी पूर्ति हेतु मानव बुरे कर्म में लिप्त हो जाता है। वह अनुचित कर्म करता है, अखाद्य भक्षण करता है, कुसंग में पड़ जाता है और अपने मन में कुविचारों का पोषण देने लगता है। इस प्रकार शारीरिक नस-नाड़ियां ठीक-ठीक काम करना बंद कर देती हैं। इनमें व्यक्तिक्रम आने लगता है। प्राण का संचार अस्त-व्यस्त हो जाता है और मनुष्य कमजोर एवं अशक्त पड़ने लगता है। पाचन श्वसन, परिसंचरण आदि तंत्र बुरी तरह से प्रभावित होने लगते हैं। परिणाम स्वरूप मनुष्य आधि-व्याधि से जर्जर हो जाता है।

मनः संस्थान को स्वस्थ एवं पुष्ट करके ही इसका निराकरण संभव है। श्रेष्ठ चिंतन से मन निर्मल होने लगता है। इसके लिये मन को सदा स्वाध्याय एवं सद्‌चिंतन में लगाए रखना चाहिये। मन को साध लेने पर वह वरदान बन जाता है। मन एक देहरी पर खड़ा नीचे दृश्य जगत की ओर झांक सकता है और ऊपर चेतना के उच्चस्तरीय आयामों की गति कर सकता है। अच्छा यही है कि सतत साधना से हम इसे उच्चस्तरीय आयामों की ओर प्रेरित करें। ◆◆◆

सुदर्शन सेठ

सुदर्शन सेठ के पिता का नाम अर्हदास था और माता का नाम अर्हदासी था। सुदर्शन सेठ बारव्रतधारी श्रावक था। एक दिन वो पौषधव्रत लेकर ध्यान में खड़े थे। तब राजरानी अभया की आज्ञा से दासी उन्हें राजमहल में बुलाती है। उनका ध्यान भंग करने का अनेक प्रयत्न करती है अभया हर तरह से कोशिश करके भी निष्फल होती है तब अभया अपने शीलभंग का आरोप लगाती है। उन्हें राजा सूली पर चढ़ाने का आदेश देते हैं, परन्तु उनके शील के प्रभाव से सूली का सिंहासन बनता है। तब उनकी जय जयकार होती है। बाद में वैराग्य पाकर उन्होंने दीक्ष ग्रहन की।

मन पर विजय प्राप्त करें...

आज कुछ धर्मगुरु मन को खुला छोड़ने की वकालत करते दिखाई देते हैं। किन्तु मन को खुला छोड़ना, मन की चंचलता मिटाने का समाधान कभी नहीं बन सकता है। यद्यपि मन को दबाना भी सही नहीं है, किन्तु मन को खुला छोड़ना भी उचित नहीं कहा जा सकता। न दुःखदायी वह तब होता है जब उस पर निग्रह होता है, जब हम उसके मालिक होते हैं, तब मन हमारा गुलाम होता है।

अभी यह मन समस्या इसलिए बना हुआ है कि वह हमारा मालिक बना हुआ है। होना चाहिए था हमें उसका मालिक, किन्तु बना हुआ है वह हमारा मालिक। सारी समस्याओं का उपादान यही है। समझना यह है कि हमारी जीवन संरचना में बुद्धि, मन, इन्द्रियां ये मालिक नहीं हैं। मालिक है चेतन। मालिक है आत्मा। बुद्धि, मन, इन्द्रियां ये उस चेतन के दास हैं, नौकर हैं। किन्तु आज जिस भूमिका पर हम खड़े हैं, उसमें सबकुछ उल्टा चल रहा है। नौकर मालिक बने हुए हैं और मालिक नौकर। चेतन के अनुशासन में मन, बुद्धि, इन्द्रियां नहीं हैं। बल्कि बुद्धि, मन, इन्द्रियों के अनुशासन में चेतन है। मालिक पर नौकर जब हावी हो जाए, उस मालिक का क्या हाल हो जाता है। उस स्थिति में मालिक को अगर मकान में रहना है तो नौकरों का नौकर बनकर ही रहना होगा। आज हमारा चेतन भी, बुद्धि, मन और इन्द्रियां जो मूलतः उसके नौकर हैं, उनका नौकर बनकर रह रहा है। जो आत्मा चाहती है, बुद्धि, मन और इन्द्रियां वैसा नहीं करते। जैसा ये चाहते हैं, आत्मा को वैसा करना पड़ता है। इसी का नाम है मन और इन्द्रियों की गुलामी और गुलाम को सुख होता ही कहा है- पराधीन सपनेहु सुख नांही।

मन चेतन का गुलाम कैसे हो, मन पर विजय प्राप्त कैसे हो, इसी प्रश्न का उत्तर है, अभ्यास और वैराग्य, धर्म-शिक्षा-ज्ञान और विवेक । जब भी मन का घोड़ा बेलगाम हो के दौड़े, हम उस पर ज्ञान की लगाम लगाएं, विवेक का चाबुक लगाएं। इस निरंतर अभ्यास से मन का निग्रह हो सकेगा।

◆◆◆

ध्यान प्रक्रिया से मानसिक व स्वास्थ लाभ

(श्री मयंक कुमार जैन)

आदिकाल से आध्यात्मिक मार्ग के अनुसरण के लिए ध्यान प्रक्रिया के द्वारा ही मनुष्य को अपार शक्ति ऊर्जा प्राप्त होती रही साथ ही भौतिक जगत से मुक्ति का साधन भी मिलता रहा! भारतीय संस्कृति में वेद और पुराणों में ऋषियों के द्वारा आसन प्राणायाम और ध्यान की प्रक्रिया के द्वारा स्वस्थ जीवन प्राप्त होता था यह असाधारण क्रियाएं जो आज भी वही परंपरा गुरु शिष्य के माध्यम द्वारा चली आ रही है ध्यान की तरफ लोगों का रुझान काफी बढ़ गया है योग के 8 स्तरों यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि में से भी ध्यान को सबसे ज्यादा लोकप्रिय माननीय और तुरंत फायदा पहुंचाने वाला माना जाता है।

लोग सदियों से ध्यान अभ्यास को अपने जीवन में डालते रहे हैं आज जबकि लोगों को इसके नए और विविध लाभ पता चलते जा रहे हैं तो इसकी प्रसिद्धि में भी बढ़ोतरी हो रही है यह तो सिद्ध हो चुका है कि ध्यान अभ्यास हमारे शरीर और मन दोनों को लाभ पहुंचाता है। परन्तु आज लोग इसके 1 अतिरिक्त लाभ के बारे में जान रहे हैं- हमारी आत्मा को ध्यान अभ्यास से मिलने वाला अवर्णनीय लाभ !

ध्यान के विविध लाभ है- **1.** समस्त शारीरिक व्याधियों का पूर्णतया उपचार संभव हो जाता है। **2.** स्मरण शक्ति का विकास होता है। **3.** अनुपयोगी आदतें स्वयंमेव समाप्त हो जाती हैं। **4.** मन सदैव शांत व प्रसन्न रहता है। **5.** हम सभी कार्य अधिक कुशलतापूर्वक कर पाते हैं।

जीवन का बेहतर समझ में आने लगता है और स्वास्थ्य हानियां समस्त शारीरिक व्याधियों, मानसिक चिंताओं के फलस्वरूप जन्म लेती हैं सभी मानसिक चिंताएं बौद्धिक पतन के कारण होती है यह बौद्धिक आध्यात्मिक ऊर्जा व समझदारी की कमी के कारण पैदा होती हैं। रोग मूल्य तो हमारे पूर्व जन्मों के ऋणआत्मक अथवा नकारात्मक कर्मों के कारण पैदा होते हैं। जब तक नकारात्मक कर्म निष्प्रभाव नहीं हो जाते यह भी हमें छोड़कर नहीं जाते इन कर्मों के निराकरण के लिए कोई भी दवा काम नहीं करती। ध्यान के द्वारा हम प्रचुर मात्रा में आध्यात्मिक ऊर्जा व समझदारी प्राप्त कर लेते हैं तब हमारी बुद्धि भी परिपक्व होने लगती है धीरे-धीरे सभी

मानसिक चिंताएं समाप्त हो जाती हैं और सभी व्याधियां भी अदृश्य होने लगती हैं ध्यान ही सभी रोगों के उपचार का एकमात्र उपाय ध्यान है। सभी रोगों का निराकरण करने में लाभदायक है। स्मरण शक्ति में बढ़ोतरी-ध्यान द्वारा प्राप्त प्रचुर मात्रा में आध्यात्मिक ऊर्जा हमारे मस्तिष्क को अधिक कुशलतापूर्वक काम करने में मदद करती है। हमारा मस्तिष्क अपनी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर पाता है ध्यान द्वारा स्मरण शक्ति में अतिशय वृद्धि होती है, विद्यार्थियों के लिए तो ध्यान बहुत ही जरूरी है चाहे वे स्कूल के विद्यार्थी हों या विश्वविद्यालय के अनुपयोगी आदतों का अंत- हम सभी में कोई ना कोई बेकार आदत होती ही है जैसे आवश्यकता से अधिक खाना, सोना अथवा बातें करना, मदिरापान आदि ध्यान द्वारा प्राप्त आध्यात्मिक ऊर्जा व समझदारी के कारण यह सभी बेकार आदतें स्वाभाविक रूप से खुद ही मरण को प्राप्त हो जाती हैं आनंद आयुक्त मन-जीवन में सभी को कभी ना कभी पराजय अपमान व पीड़ा का अनुभव होता ही है। आध्यात्मिक ऊर्जा व ज्ञान से समृद्ध व्यक्ति का जीवन हमेशा शांति में और आनंद में रहता है।

कार्यकुशलता में बढ़ोतरी, आध्यात्मिक ऊर्जा व भरपुर आध्यात्मिक ज्ञान होने के कारण व्यक्ति अपने सभी काम चाहे वे शारीरिक अथवा मानसिक हों कुशलता पूर्वक दक्षता के साथ कर पाता है ! नींद के लिए कम समय की आवश्यकता-ध्यान के द्वारा प्रचुर मात्रा में आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है जबकि नींद द्वारा हमें उसका एक छोटा सा अंश ही मिल पाता है आधा घंटा यदि गहन ध्यान किया जाए तो उससे मिलने वाली ऊर्जा 6 घंटे की गहरी नींद से प्राप्त होने वाली ऊर्जा के बराबर होती है।

इससे शरीर को उतना ही विश्राम व मन को उतनी ही शक्ति मिल पाती है,

गुणात्मक संबंध-आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता का अभाव ही ऐसा एकमात्र कारण है जिसके फल स्वरूप हमारे परस्परिक संबंध इतने अधिक या गुणात्मक रहित हो जाते हैं विचार शक्ति विचारों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है अशांत मन में उठे विचारों में शक्ति होती ही नहीं, इसलिए वे लक्ष्य तक पहुंच नहीं पाते। जिस समय मन शांत अवस्था में होता है विचार भी शक्ति पा लेते हैं और हमारे सभी संकल्प तुरंत साकार हो जाते हैं !

ध्यान तब करने वाले साधक को कैसे आश्चर्यजनक लाभ मिल सकते हैं -

1. दिल से संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए नियमित ध्यान बेहद

मददगार साबित होता है!

2. ध्यान से मानसिक चंचलता और अस्थिरता पर नियंत्रण आता है !

3. मानसिक तनाव चिंता, भय, हीन-भावना से छुटकारा मिलता है !

4. कमजोर दिमाग और भूलने की समस्या से मुक्ति मिलती है !

5. गुस्सा करने की आदत धीरे-धीरे काबू में आ जाती है। पूरे दिन अच्छा और सकारात्मक माहौल मन में बना रहता है।

6. लगातार लंबे समय तक ध्यान साधना करने से व्यक्ति में कुछ असामान्य शक्तियां, क्षमताएं आने लगती हैं जैसे भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं का पूर्व ज्ञान, किसी के मन की बात जान लेना इत्यादि !

डॉक्टर हमें बताते हैं कि तनाव हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालता है। ध्यान अभ्यास करने से हमारा शरीर पूरी तरह से शांत हो जाता है और हमारा समस्त तनाव दूर हो जाता है। परीक्षण बताते हैं कि ध्यान अभ्यास के द्वारा हमारी दिमागी तरंगे धीमी होकर 4 से 10 हर्टज पर कार्य करने लगती हैं, इस प्रकार हमें पूरी तरह से शांत होने का एहसास मिलता है। इससे हमारे शरीर को भी अनेक लाभ मिलते हैं जैसे कि बेहतर नींद का आना, रक्तचाप में कमी आना, रोग प्रतिरोधक क्षमता और पाचन प्रणाली में सुधार आना तथा दर्द के अहसास में कमी आना, ज्योति ध्यान, अभ्यास और सब ध्यान अभ्यास करने से यह सभी लाभ हमें अपने आप ही प्राप्त हो जाते हैं !

दिनभर हमारे मन में विचार चलते रहते हैं जब हम ध्यान अभ्यास करने के लिए बैठते हैं और अपने ध्यान को आत्मा की बैठक या तीसरे बिन्दु पर एकाग्र करते हैं तो हमारा मन शांत होने लगता है। हमारा ध्यान बाहरी दुनिया की समस्याओं से हट जाता है और हम पूर्ण रूप से शांत हो जाते हैं नियमित रूप से ध्यान अभ्यास करने से हमारी एकाग्रता बढ़ती चली जाती है, एकाग्र होने की क्षमता में बढ़ोत्तरी तथा साथ ही तनाव में कमी, ऊर्जा में वृद्धि और रिश्तों में सुधार आने से हम सांसारिक कार्यों में भी सफलता प्राप्त कर लेते हैं। हम पहले से अधिक कार्य कुशल और उत्पादक हो जाते हैं तथा जीवन की चुनौतियों का सामना पहले से बेहतर ढंग से कर पाते हैं, इसीलिए हमारे जीवन में ध्यान अत्यंत उपयोगी ही है और हमें अपने जीवन में एक क्षण ध्यान के लिए अवश्य निकालना ही परम आवश्यक है।

- मयंक कुमार जैन, प्रवक्ता
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग,
मंगलायतन विश्वविद्याल, अलीगढ़

चिन्तन का चित्रांकण



गच्छाधिपति धर्म दिवाकर
श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा.
की डायरी के पृष्ठ

दिनांक 18.04.2016

हर क्षण संवेग भाग का आविष्कार होना चाहिए। जिससे असार संसार से विरक्ति भाव जागृत होंगे। तब संसार राग का त्याग भाव आयेगा। वैराग्य प्रगटेगा वैराग्य प्रिय संवेगप्रिय आत्म तत्व की राह संयम पदगामी आत्मश्रेय में नित्य गति करेगा। हमें चाहिये कि हम सभी जीवन में हर पल में संवेग प्रिय बनकर जीयें।

दिनांक 19.04.2016

आसक्ति में अन्ध बना जीव अनन्त संसार यात्रा को बढ़ाता है। आसक्ति भी है और छल, कपट करके निजस्वार्थ पूर्त्ति की प्रवृत्ति का प्रवाह शुरू रखे और मुँह से बोले मैं तो कुछ नहीं करता ये ही सबसे बड़ा छल है, कपट है। ऐसी वृत्ति वाले जीव की मुक्ति कभी नहीं होती। अनासक्त भाव रखकर जीव को आसक्ति से मुक्त रहना चाहिए।

दिनांक 20.04.2016

तीर्थंकर प्रभु का जन्म, गुरुदेव का जन्म महापुरुषों का जन्मदिन शुभ माना गया है। जन्मदिन में शुभ कार्य करने के लिये किसी मुहूर्त्त की आवश्यकता नहीं होती है। बिना मुहूर्त्त के भी यह दिन शुभ मुहूर्त्त माने जाते हैं। कल्याणक दिन कल्याणकारी कहे गये हैं। गुरु के प्रति सच्ची आस्था है तो गुरु आज्ञा के अनुसार काली अमावस्या भी आज्ञापालक के लिये श्रेष्ठ दिवस होता है।

दिनांक 21.04.2016

सड़क, पगदण्डी, गिट्टी रोड, कच्चा रेतीला ये सभी मार्ग चलने के लिये हैं, साथ ही सभी मार्गों में अन्तर भी है। संसार मार्ग कर्म मार्ग है, त्याग मार्ग राज मार्ग है। राज मार्ग शत प्रतिशत धर्म मार्ग है जो जीव को अनन्त संसार से छुड़ाकर सीधा मोक्ष तक ले जाता है। कर्म मार्ग संसार राग का जो गिट्टी, कंकर, कांटे, रेत से भरे हुए उतार-चढ़ाव ये मार्ग जीव को घुमाते रहते हैं और सही मार्ग से भ्रमित कर देते हैं। सोचे हमें किस मार्ग पर चलना है।

◆◆◆

उत्तम आहार - शाकाहार-38

मांसाहार - घातक बीमारी का घर



(जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म.सा.)

भारत एक कृषि प्रधान देश। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में गाय, बैल, भारत के सर्वोपरी रहे हैं तथा किसानों के सहारे रहे हैं। इसी व्यवस्था के चलते भारत सोने की चिड़िया बन सका था। किसान खेत में हल चलाकर बड़ी मेहनत से अन्न उगाते हैं तथा हरी सब्जियाँ और फल की पैदावार करते हैं।

हरी सब्जियों में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को मांसाहारी की बजाय शाकाहारी चीजों का सेवन करना चाहिए। पहले आदिमानव हुआ करते थे जो अपना भोजन कंदमूल, फल और जानवरों को मारकर खाते थे। लेकिन मांसाहारी की बजाय लोगों को शाकाहारी रहना चाहिए। जिससे कि किसी भी बिमारी का खतरा बढ़ न सके।

आज के युग में बहुत सी चीजे ऐसी हैं जो खाने के लिए अनुचित हैं फिर भी लोग खा रहे हैं। मांसाहारी के लिए जीवों को मारना पड़ता है जो मारकर पाप के भागीदार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के रिचर्स के अनुसार जो लोग मांस खाते हैं या मांसाहारी हैं उनके शरीर में लगभग 80 प्रतिशत केंसर होने का खतरा बढ़ जाता है और उनमें अटैक आने की संभावना भी रहती है। बहुत से लोग गुटखा, पान का सेवन करते हैं। पूरे दिन मुँह में चीजें रहने से मुँह में सड़न की स्थिति बन जाती है। मुँह से लेकर आंत तक बिमारी उत्पन्न हो जाती है इसलिए लोगों को शाकाहारी रहना चाहिए।

भारत ऋषि मुनि का भी देश रहा है। ऋषि मुनि दिन में एक बार खाना खाते हैं इंसान दो दफा तथा जानवर पूरा दिन चरते रहते हैं। इंसानों को दिन में दो बार खाना खाना चाहिए तथा रात्रि भोजन सुर्यास्त से सुर्योदय तक नहीं करना चाहिए।

◆◆◆

प्रवचनकार

गणधरवाद

(स्व. मनीषी लोकसंत जैनाचार्य श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.)

मंडित– देह में परिस्पन्द है, अतः देह को सक्रिय मानना चाहिए, आत्मा को नहीं।

महावीर– देह परिस्पन्द में आत्मा का प्रयत्न कारण है, इसलिए आत्मा को सक्रिय माना गया है।

मंडित– किन्तु प्रयत्न यह तो क्रिया नहीं है, अतः प्रयत्न के कारण आत्मा को सक्रिय नहीं कहा जा सकता।

महावीर– भले ही प्रयत्न क्रिया न हो, लेकिन जो आकाश की तरह निष्क्रिय हो, उसमें प्रयत्न भी संभव नहीं। इसलिए आत्मा को सक्रिय मानना चाहिए तथा वस्तुतः प्रयत्न भी क्रिया ही है और मान लो, वह क्रिया नहीं है, तो फिर अमूर्त ऐसा प्रयत्न देह के परिस्पन्द में किस हेतु से बनता है? यह बताना चाहिए।

मंडित– प्रयत्न को दूसरे किसी हेतु की अपेक्षा नहीं है, वह स्वतः ही देह परिस्पन्द में निमित्त बनता है।

महावीर– तो फिर स्वतः आत्मा से ही देह परिस्पन्द होता है, ऐसा मानो। व्यर्थ ऐसे प्रयत्न को किसलिए मानना ?

मंडित– देह परिस्पन्द में किसी अदृष्ट को ही कारण मानना चाहिए। आत्मा तो निष्क्रिय होने से कारण बन नहीं सकती।

महावीर– वह अदृष्ट कारण मूर्त है या अमूर्त ? यदि अमूर्त हो, तो फिर आत्मा स्वयं ही किसलिए देह परिस्पन्द का कारण हो? आत्मा भी अमूर्त और यदि अदृष्ट कारण मूर्त हो, तो फिर वह कार्मण देह ही संभव है, अन्य नहीं। किन्तु कार्मण शरीर में भी यदि परिस्पन्द

हो, तो वह बाह्य शरीर के परिस्पन्द में कारण बन सकता है, अन्यथा नहीं। इसलिए पुनः प्रश्न होता है कि उस कार्मण शरीर के परिस्पन्द में क्या कारण है और जो इसका कारण हो, उसमें भी परिस्पन्द का कारण अन्य होना चाहिए। इस प्रकार अनवस्था दोष आता है तथा यदि कार्मण शरीर में स्वभाव से ही परिस्पन्द माना जाये, तो बाह्य शरीर में भी स्वभाव से परिस्पन्द मानना चाहिए। अदृष्ट ऐसे मूर्त कार्मण शरीर को क्यों परिस्पन्द का कारण मानना चाहिए।

मंडित– हाँ, यही ठीक है। बाह्य शरीर में परिस्पन्द स्वभाव से ही होता है। इसलिए आत्मा को सक्रिय मानने की आवश्यकता नहीं है।

महावीर– किन्तु शरीर में जिस प्रकार का प्रतिनियत विशिष्ट परिस्पन्द परिलक्षित होता है, उसे स्वाभाविक नहीं माना जा सकता, क्योंकि शरीर जड़ है। जो वस्तु स्वाभाविक होती है अर्थात् अन्य किसी कारण की अपेक्षा नहीं रखती, वह वस्तु सदैव होती है अथवा कभी नहीं होती। इस न्याय से शरीर में यदि परिस्पन्द स्वाभाविक हो, तो वह सदा एक जैसा ही होना चाहिए। किन्तु वस्तुतः शरीर की चेष्टा नाना प्रकार की होने पर भी अमुक प्रकार से नियत ही दिखती है। अतः उसे स्वाभाविक नहीं माना जा सकता। इसलिए कर्म सहित आत्मा का शरीर की प्रतिनियत विशिष्ट क्रिया में व्यापार मानना चाहिए। अतएव आत्मा सक्रिय ही है।

मंडित– संसारी जीव सकर्मा होने के कारण सक्रिय सिद्ध हुआ, किन्तु मुक्तात्मा में तो कर्म नहीं है, इसलिए वह तो निष्क्रिय ही होनी चाहिए। फिर भी आप उसे सक्रिय मानते हैं, तो उसमें क्या कारण है?

महावीर– आयुष्मन् ! मैंने तुम्हें बताया ही है कि मुक्तात्मा की गति क्रिया स्वाभाविक एवं गति परिणाम के कारण होती है और यह भी बताया है कि कर्मक्षय से जैसे सिद्धत्व रूप धर्म को जीव प्राप्त करता है, वैसे ही तथाविध गति परिणाम को भी प्राप्त करता है।

अलोक में गति न होने का कारण :-

मंडित– आपका यह कहना युक्तियुक्त है कि मुक्तात्मा में गति है। किन्तु अब प्रश्न होता है कि सिद्धालय से आगे भी उसकी गति क्यों नहीं होती ?

महावीर– कारण यह है कि उसके बाद गति सहायक द्रव्य धर्मास्तिकाय का अभाव है।

मंडित– आगे धर्मास्तिकाय क्यों नहीं है?

महावीर– गति सहायक धर्मास्तिकाय लोक में ही है, अलोक में नहीं। सिद्धालय से आगे अलोक है। इसलिए उसमें धर्मास्तिकाय नहीं है। अतः जीव की गति उससे आगे कैसे हो सकती है?

◆◆◆

अध्यक्षीय पाती

अभी सतर्कता की आवश्यकता

वाघजीभाई वोरा
राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रीसंघ

कोविड-19 के अंतर्गत कोराना महामारी का पूर्णतः सफाया नहीं हुआ है। कई राज्यों में गंभीर स्थिति के कारण कुछ दिनों का लॉकडाउन या रात्रि का कर्फ्यू चल रहा है। यों कोरोना को 'देश निकाला' देने के लिए टीकाकरण निरंतर संचालित है लेकिन अभी सतर्कता की कुछ दिनों तक आवश्यकता है। यह संक्रमित महामारी है तथा यह संक्रमण के माध्यम से फैलती रही है।

इसका कोई अचूक निदान नहीं होने के कारण मौत की गोद में शयन के अतिरिक्त चारा नहीं है, टीकाकरण भी शरीर में आंतिरक रूप से ऐसी इम्युनिटी उत्पन्न करता है कि संक्रमण शरीर को विकृत करने से विफल हो जाता है। शासन द्वारा तत्सम्बन्ध निर्देश दिये जाते रहे हैं वर्तमान में भी ऐसी वर्जनाएँ प्रभावशील हैं। इस कारण किसी भी आयोजनों में भीड़ एकत्र करना, सामूहिक भोजन करना, मेला लगाना, सभा आदि करना वर्जित है। ऐसी स्थिति में तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक समारोह मुख्य कार्यक्रमों के साथ आयोजित नहीं हो पायेगा।

हम सभी का जीवन सबसे मूल्यवान वस्तु है, अतः प्रत्येक संघ व संस्था इकाई को इस सम्बन्ध में शासकीय निर्देशों तथा नीति का परिपालन करना चाहिए।

◆◆◆

अध्यक्षीय संदेश

समय का उपयोग आराधना में करें



रमेशभाई धरू
राष्ट्रीय अध्यक्ष

देशभर में कोविड-19 के कारण कोरोना महामारी फेज-2 का फैलाव हो रहा है। यह फेज अधिक खतरनाक है एवं प्राणों के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर सकता है। वैसे इसकी वेक्सिन आ गई है जो लगाई जा रही हैं लेकिन इससे सबसे श्रेष्ठ बचाव सावधानी ही है।

अतएव समस्त शाखाओं से निवेदन है कि वे भीड़ भरे कार्यक्रम आयोजित नहीं करे, बड़ी बैठके या सम्मेलनों को भी टालें, व्यक्तिगत स्तर पर मास्क लगाएँ तथा सोश्यल डिस्टेसिंग का पालन करें। हाथ बार-बार साबुन से धोयें, इन बातों का समाज व परिचितों में प्रचार भी करें।

व्यक्तिगत स्तर पर घरों पर सूत्र याद करें, धार्मिक क्रियाएँ सम्पन्न करें एवं श्रावक जीवन के मार्गदर्शक तत्वों का पालन करें।

यह समय जीवन को आराधनामयी बनाने में प्रयुक्त कर ज्ञान-दर्शन चारित्र का पालन करें।

◆◆◆

सम्पादकीय

मेरे वर्तमान जीवन का शिलालेख

(सुरेन्द्र लोढ़ा)

मैं आज क्या हूँ ? कैसे जीवन में सुखी हूँ? आत्मा के प्रति मेरी दृष्टि तथा व्यवहार क्या है? मैंने जो अपने चारों ओर माया जाल रच रखा है, वह कब तक मेरे साथ है? वह कितना मेरी आत्मा का भला कर पायेगा? संतुलित मस्तिष्क से विचार करें कि वर्तमान में मेरा स्वरूप क्या है? स्पष्टतः मैं इच्छाओं का पुतला हूँ। मुझमें निरंतर इच्छाएँ उत्पन्न होती हैं, मैं उनकी तृप्ति का प्रयत्न करता हूँ, लेकिन मैं कभी भी तृप्त नहीं होता। इस अवसर्पिणी काल में सभ्यता का सूत्रपात प्रभु ऋषभदेव ने किया। लाखों वर्ष प्रयत्न तक संस्कृति मानव सभ्यता में प्रयोग करती रही। पाषाण युग उपरांत वैदिक काल अथवा श्रमण काल के राजा-महाराजाओं के पास जितनी सुख-सुविधाएँ थीं, उनसे कई गुना वर्तमान में चारों ओर फैली हुई हैं। लेकिन क्या मैं सन्तुष्ट हूँ? क्या ये सभी मुझे वास्तविक सुख की अनुभूति करवा रहीं हैं? नहीं, क्योंकि मेरी इच्छाएँ आकाश की भांति अनन्त हैं, उनकी पूर्ति के लिए मैं निरंतर दौड़ रहा हूँ, लेकिन मुझे प्राप्त कुछ नहीं हो रहा है, जो प्राप्त होता है, वो मुझे तृप्त नहीं कर पाता है। आकाश में इन्द्रधनुष कई मीलों के क्षेत्र में अपनी छटा छोड़ता, मुझे आकर्षित करता है। मैं उसके सभी रंग की शोभा को अपनी अंगुली में एकत्र करने के लिए भागता हूँ, लेकिन जब उसके निकट पहुँचकर उसे मेरे हाथों में भरने का प्रयत्न करता हूँ, तो कुछ भी प्राप्त नहीं होता, केवल हवा मिलती है। मेरी इच्छाएं भी मुझे इन्द्रधनुष छटा की भाँति भ्रमित करती हैं। प्रबल पुण्य के कारण मुझे सभी कुछ प्राप्त हुए। माता-पिता की छाया मेरे आधे से अधिक जीवन में संरक्षता देती रही है। परिवार मेरी सेवाचाकरी पूर्ण तन्मयता के साथ करने में संलग्न है। सुखदायक सुविधाएँ कभी मुझसे दूर नहीं हुईं, यश की कमी नहीं रहीं, धन मेरे भाग्य के साथ चस्पा है। लेकिन इन सभी में मैं किन वस्तुओं का मेरे से शाश्वत जुड़ाव मान के चलूँ ? ये सभी मुझे गर्व के शिखर पर ले जाकर भुला देने वाले साधन यहीं रहने वाले हैं। वे यहीं के हैं, यहीं छूट जायेंगे कोई मेरा साथ देने वाला नहीं है। मैं यह जानता हूँ, समझता हूँ, लेकिन इनसे पृथक नहीं हो पा रहा हूँ। मैं इनके प्रपंचों में ही फंसा हुआ हूँ। इन्द्रियों ने मेरे विवेक पर आधिपत्य कर रखा है। मेरी इच्छाओं ने मुझे घेर रखा है। मेरे हृदय में/ मन में कितनी इच्छाएँ हैं, इसका मुझे ज्ञान या गणना नहीं

है। एक इच्छा पूर्ण होने पर तत्काल पच्चीस इच्छाएँ नई अंगड़ाई ले उठती हैं। तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी से किसी ने प्रार्थना की कि हे ! प्रभु ! मेरी इच्छा पूर्ण कर दीजिए ! भगवान ने उत्तर दिया- 'तुझे सुखी होना हो तो इच्छाएँ अपने मन से बाहर निकाल दे। तू क्षुद्र एवं तुच्छ इच्छाओं से दूर हो जा।'

मैं मानव हूँ। चौरासी लाख जीव योनियों में मानव भव को अलभ्य, अलौकिक प्रथा प्रकृष्ट पुण्य के कारण प्राप्त होने वाला दुर्लभ भव मान्य किया गया है। शास्त्रकारों ने स्पष्ट उपदेश दिया है कि मानव जीवन काल को भव्य आराधना काल में परिणित किया जाना ही इसकी सार्थकता है।

हम मानव कहलाते हुए भी मानव बन पाने में सफल नहीं हो पाते है। यूनान का प्रसिद्ध दार्शनिक तथा तत्वचिंतक सुकरात मौन रहकर अपने समक्ष बैठे चार युवाओं का वार्तालाप पूरे ध्यान से सुन रहे थे। पहले युवक ने कहा 'मेरा विचार विज्ञान का गहन अभ्यास कर कोई महान वैज्ञानिक बनने का हैं।' दूसरे ने इच्छा व्यक्त की- 'मुझे तो बड़ा साहित्यकार बनना है।' तीसरे ने कहा- 'मैं महान तत्व चिंतक बनना चाहता हूँ।' चौथे ने उत्तर दिया-'मुझे विज्ञानी बनने की इच्छा नहीं, साहित्यकार नहीं बनना, मुझे तत्वचिंतक बनने की महत्वकांक्षा नहीं हैं। मैं तो बस मानव याने सच्चा मानव बनना चाहता हूँ।' इतना सुनते ही सुकरात ने चौथे युवक की पीठ थपथपाई तथा उसे गले लगाते हुए कहा- 'तेने एक महान सत्य का उच्चारण व्यक्त किया है। वैज्ञानिक, लेखक, तत्वचिंतक व साहित्यकार बनना आसान है, लेकिन मानव बन पाना सबसे कठिन है। जो व्यक्ति सच्चा इंसान बनता है। उसने मानव जीवन सफल किया ऐसा माना जाता है।' इसके बावजूद मेरी दृष्टि 'मानव' शब्द या विशेषण या सर्वनाम पर नहीं टिक सकती। मानव शरीर का विकास मेरा सर्वोच्च उद्देश्य कदापि नहीं हो सकता। तीर्थंकर श्री महावीर देव भव्यात्माओं के लिए मोक्ष का मार्ग आलोकित कर गये हैं।

'जे एगं जाणइ, ते सव्वे जाणई' जिसने एक को जान लिया उसने सभी को जान लिया। यह एक शरीर नहीं शरीर से भिन्न आत्मा है। वही अपना मित्र हैं, उसे ही हमें मित्र बनाना हैं। 'पुरिसा तुममेव तुमं मित्रं, किं बहिया मित्रं मिच्छासि' हे आत्मा ! तू ही तेरा मित्र है, क्यों बाहर के मित्र की इच्छा करता हैं। 'मैं' से भी तात्पर्य आत्मा है। चाहे मुझे मानव शरीर का पर्याय प्राप्त है, लेकिन मुझे आत्मा की सिद्धि के लिए प्रयत्नशील होना है।

यह सिद्धि सम्यग्दर्शन, सम्यकज्ञान तथा सम्यकचरित्र की आराधना से ही संभव है। आराधना मुक्ति की प्राप्ति के लिए है। मेरा जो वर्तमान है वह आत्म आराधना की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मुझे उसी हेतु पुरूषार्थ करना है।

(क्रमशः)

◆◆◆

भारतीय गणतंत्र की धुरी वैशाली

(श्री शान्तिलाल सगरावत, मंदसौर)

निरभ्र आकाश में ओस के कण झरते हैं। शरद का चन्द्रमा अपनी पूरी आभा को द्विगुणित करता है। ऐसे में दुनिया को धर्म और ज्ञान की रोशनी देने वाली नगरी वैशाली अपने में सदियों पुराने वैभव को संजोए भारतीय गणतंत्र की धुरी बनी है।

पूरी दुनिया को लोकतंत्र का ज्ञान देने वाली इस भूमि का इतिहास 2725 वर्ष पुराना है, तब यहाँ लिच्छवी गणतंत्र था, जिसे वज्जि संघ कहा जाता था। इसमें केन्द्रीय कार्यपालिका में एक गणपति याने राजा, उपराजा, सेनापति तथा भण्डागारिक थे। ये ही शासन देखते थे। पूरी व्यवस्था आज के संसद के तरह थी। वास्तव में सारी दुनिया ने लोकतंत्र की परम्परा का ज्ञान यहीं से प्राप्त किया था।

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर वर्धमान महावीर की यह जन्मभूमि थी। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिये मन्दिर प्रांगण में समुचित व्यवस्था है। वैशाली और इसके समीप के पोर-पोर धार्मिक, नैसर्गिक, आध्यात्मिक धरोहर समेटे हैं। वैशाली के नजदीक ही एक गाँव कुण्डलपुर स्थित है जो भगवान महावीर का जन्म स्थान होने से सर्वाधिक लोकप्रिय होकर प्रसिद्धि प्राप्त है। वैशाली से 5 किलोमीटर दूरी पर भगवान महावीर का विशाल जिनालय है, इसी से लगे परिसर में एक संग्रहालय भी है। यहाँ संस्कृत, जैन दर्शन और अहिंसा आदि महाव्रतों पर शोध कार्य किया जाता है। भगवान संन्यास से पूर्व 30 वर्ष तक तथा संन्यास ग्रहण करने के 12 वर्ष बाद तक यहीं रहे। वैशाली जैन श्रमण निग्रंथों का विशाल केन्द्र होने की बात बौद्ध ग्रंथों में भी उल्लेखित होती है।

धर्म और संस्कृति के बड़ी संख्यावाले आख्यानों में वैशाली स्तूप के ठीक पास में स्थित मंगल अभिषेक पुष्करिणी तालाब भगवान महावीर कालीन परम्परा का स्मृति शेष है। कई ख्यातनाम विद्वानों ने इसकी महत्ता की पुष्टि की है। भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर 'वैशाली महोत्सव' के अवसर पर महावीर वर्द्धमान स्वामी की मूर्ति नाव में रखकर तालाब के उत्तर से दक्षिण तक लाई जाती है और फिर इसी पुष्करिणी का जल कलश में भरकर भगवान का अभिषेक किया जाता है।

◆◆◆

अतिथि रचना

आध्यात्मिक उपलब्धि

(आचार्य श्री विद्यासागरजी म.सा.)

मैं अकेला हूँ। शुद्ध हूँ। आतम रूप हूँ। मैं ज्ञानवान और दर्शनवान हूँ। मैं रूप, रस, गन्ध और स्पर्शरूप नहीं हूँ। सदा अरूपी हूँ। कोई भी अन्य परद्रव्य परमाणु मात्र भी मेरा नहीं है। इस प्रकार की भावना जिसके हृदय घर में हमेशा भरी रहती है, ध्यान रखना उसका संसार का तट बिल्कुल निकट आ चुका है। इसमें कोई संदेह नहीं है। इस भावना को निरन्तर भाते रहने से ही हमें वैराग्य आ सकता है। इस भावना के द्वारा ही हमारे भीतर के कर्म के बन्धन छूट सकते हैं। संसार में कर्त्तव्य, बुद्धि और भोक्तृत्वबुद्धि, स्वामित्व बुद्धि इन तीन प्रकार की बुद्धियों के द्वारा ही संसारी प्राणी की बुद्धि समाप्त हो गयी है। वह बुद्धिमान होकर भी बुद्धू जैसा व्यवहार कर रहा है। अनन्तबार जन्म-मरण की घटना घट चुकी है और अनन्त बार जन्म-मरण के समय एकाकी ही इस जीव ने अपनी संसार की यात्रा की है। आज अपने को समझकर मानने वाला भी मझदार में ही है।

थोड़ा विचार करें तो ज्ञात होगा कि कितनी पर्यायें कितनी बार हमने धारण की और कितनों का संयोग-वियोग हमारे जीवन में हुआ है। जिसके वियोग में यहाँ पर हम रोते हैं, वह मरण के उपरान्त एक समय में ही अन्यत्र कहीं पहुँचकर जन्म ले लेता है और वहीं रम जाता है। विष्ठा का कीड़ा विष्ठा में राजी वाली बात है। उसके वियोग में हमारा रोना अज्ञानता ही है। आचार्य कहते हैं कि यह सब पराए को अपना मानने का तथा पर-पदार्थों में एकत्वबुद्धि रखने का ही परिणाम है। 'पर' के साथ एकत्व बुद्धि छोड़ना ही एक मात्र पुरुषार्थ है। छोड़ते समय जिसे ज्ञान और विवेक जागृत हो जाता है उसकी आँख खुल गई है, ऐसा समझना चाहिए।

दुनिया के सारे सम्बन्धों के बीच भी मैं अकेला हूँ, यही भाव बना रहना आकिन्चन्य धर्म का सूचक है। 'सागर' में एक बार बोली लग रही थी तब एक बोली तेरा सौ एक रुपए में गई। हमने तो वही विचार किया अच्छा रहस्य खुल गया 'तेरा सो एक' अर्थात् हमारा यदि कुछ है तो वह हमारा यही एकाकी भाव है। इस संसार में किसी का कोई साथी-सगा नहीं है।

बन्धुओं ! समझ लो एवं सोच लो। यह जो ऊपर पर्याय दिख रही है यह वास्तव में हमारी नहीं है। हम इसी के लिए निरन्तर अपना मानकर परिश्रम कर रहे हैं और दुख उठा रहे हैं। विवेक के माध्यम से इस पर्याय को अपने से पृथक् मानकर के यदि इस जीवन को चलाया जाए, जो जीवन आज दुःखमय बना है वही आनंदमय हो जाएगा। जिसकी तत्त्व पर दृष्टि चली जाती है वह फिर पर्याय को अपना आत्मतत्त्व नहीं मानता और न ही पर्याय में होने वाले सुख-दुःख को भी अपना मानता है। यही आध्यात्मिक उपलब्धि है। इसके अभाव में ही जीव संसार में कहाँ-कहाँ भटकता रहता है और निरन्तर दुःखी होता है।

◆◆◆

प्रश्नोत्तरी

उत्तरदाता
स्व. जैनाचार्य श्रीमद् विजय
जयंतसेनसूरीश्वरजी म.सा.

नय वाक्य किसे कहते हैं ?

प्रश्नकर्ता
जैनाचार्य श्रीमद् विजय
नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा.

प्र. प्रमाण वाक्य किसे कहते हैं ?

उ. सप्तभंगी को प्रमाण वाक्य कहते हैं, अर्थात् अनन्त धर्मात्मक वस्तु को प्रधानता से कहने वाला वाक्य प्रमाण वाक्य कहा जाता है, इसी को सकलादेश कहते हैं।

प्र. नय वाक्य किसे कहते हैं ?

उ. अनन्त धर्मात्मक वस्तु के इतर अंशों से उदासीनता रखते हुए एक अंश को प्रधानता से कहने वाले वाक्य को नय वाक्य कहते हैं। इसको विकलोदेश कहते हैं।

प्र. निश्चय और व्यवहार किसे कहते हैं ?

उ. निश्चय मूल शुद्ध को ही ग्रहण करता है। व्यवहार कारण को भी साथ में ग्रहण करता है। जैसे निश्चय नय से सत्ता का ज्ञान मोक्ष का कारण है और व्यवहार से क्रियाओं का करना पुण्य हेतु है। इससे निश्चय नय संवर का कारण है और व्यवहार नय आस्त्रव का कारण है। क्योंकि शुभ व्यवहार पुण्यकर्म का आस्रव है और अशुभ व्यवहार पाप कर्म का आस्रव है। यद्यपि निश्चय नय अतिउत्तम है तो भी व्यवहार नय को छोड़कर सिर्फ निश्चय को स्वीकार करने से धर्म का सर्वथा लोप हो जाता है और जिनशासन का उच्छेद हो जाता है क्योंकि गुरु वंदन, प्रतिक्रमण, तप, जाप, जिन भक्ति, प्रत्याख्यान वगैरह आचरण छोड़ देने से निश्चय का कारण ही छोड़ दिया जाता है और निमित्त कारण छोड़ देने से केवल उपादान कारण से ही साध्य सिद्ध नहीं होता है और केवल व्यवहार को ही मानेंगे तो वस्तु स्वरूप का यथार्थ ज्ञान ही न हो सकेगा। इसी कारण जैन शासन में ज्ञान और क्रिया दोनों को मोक्ष का कारण कहा है। ज्ञानांश निश्चयांश और क्रियांश व्यवहार है।

प्र. उपादान कारण किसे कहते हैं ?

उ. जिस कारण की कार्य में अनुवृत्ति हो घट का उपादान कारण मृतिका (मिट्टी)।

◆◆◆

सबकी खुशी और सुख चाहते हैं तो ईर्ष्या छोड़िए

ईर्ष्या का मूल स्रोत है तुलना। जब यह तुलना अस्वस्थ हो जाए तो ईर्ष्या में तब्दील हो जाती है। सही मायनों में ईर्ष्या वह कीड़ा है, जो स्वस्थ इंसान को भी बीमार बना सकता है।

मनुष्य जीवन कितना दुर्लभ है। इस जीवन के महत्व को हम जानते हुए भी समझ नहीं पाते। सेवा, सद्भाव, सहयोग और समन्वय की मंगल-भावनाएँ मनुष्य को आंतरिक दृष्टि से समृद्ध बनाती हैं। इसके विपरीत ईर्ष्या ऐसा अवगुण है, जिससे मनुष्य कुंठित होने लगता है। हमें अपने से बेहतर अपने मित्र अथवा पड़ोसी की खुशियाँ बर्दाश्त करना भी आना चाहिए। उनकी बेहतरी की कामना के साथ उनकी प्रसन्नता में शामिल होना चाहिए, ना कि ईर्ष्या करनी चाहिए।

ईर्ष्या वो कीड़ा है जो इंसान को अंदर ही अंदर खाता रहता है। हर व्यक्ति के जीवन में खुशियों के अवसर सीमित ही होते हैं। ऐसे अवसरों पर व्यक्ति और उसके परिजन खुश होते हैं व मिठाइयाँ बांटते हैं। पड़ोसी, रिश्तेदार, सहकर्मी व जीवन के अन्य सहयात्री की जिंदगी में भी ऐसे मौके आते हैं तो हम उनको बधाई देकर अपनी खुशियों को दोगुना कर सकते हैं।

विस्तार ही जीवन है और संकोच ही मृत्यु है – एक विचारक ने कहा था, 'विस्तार ही जीवन है और संकोच ही मृत्यु है।' ईर्ष्या से भरा व्यक्ति कभी दूसरों की खुशियों में शामिल नहीं हो सकता। मारे जलन के वह अपने आपको एक अदृश्य आग में जलाता रहता है, जबकि उदारमना व्यक्ति दूसरों की उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना करता है और उनके मन में अपना स्थान बना लेता है। दरअसल ईर्ष्या एक मनोरोग है। यदि यह रोग किसी को लग जाए तो इसे जड़मूल से समाप्त करने के लिए समय रहते समुचित उपाय कर लेने चाहिए। इस अवगुण की बदौलत उसमें कई दुर्गुण पैदा हो जाते हैं। वह किसी को सुखी देखकर सुखी नहीं हो सकता।

स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जीवन का आधार – आज गलाकाट प्रतिस्पर्धा के युग में स्वस्थ प्रतियोगिता और प्रतिसमर्पण की भावना संजीवनी का काम करती है।

स्वस्थ प्रतियोगिता सही मायने में दूसरे व्यक्ति या अन्य संस्थान से नहीं बल्कि खुद से होनी चाहिए। कल शाम हम जिस जगह थे, वहाँ से तुलना करें और अपनी स्थिति को आज बेहतर बनाएं।

इसी प्रकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना सहअस्तित्व के आधार पर सृष्टि में मंगल का संचार करेगी। काश ! हम जय शंकर प्रसाद की इन पंक्तियों का अनुसरण कर समाज में सबको सुखी बनाने के लिए कदम बढ़ा लें तो कितना अच्छा हो –

औरों को हंसते देखो तुम, हंसो और सुख पाओ।
अपने सुख को विस्तृत कर लो, सबको सुखी बनाओ।।

◆◆◆

महाराजा श्रेणिक

(मुनिराज डॉ. श्री सिद्धरत्नविजयजी म.सा.)

महाराजा श्रेणिक के जीवन का क्रम था कि जब भी तीर्थंकर श्री महावीर देव उनकी राजधानी में या राजधानी के निकट स्थल पर होते, वे वन्दना करने अवश्य जाते थे। इसके अनुसार वे लावलश्कर के साथ गुणशीलक उद्यान जा रहे थे जहाँ तीर्थंकर देव की स्थिरता थी। रास्ते में एक बालिका के रोने की जोरों से आवाज सुनी। महाराजा श्रेणिक ने अंगरक्षक से पूछा कि- 'यह रुदन स्वर कैसा है ?' सैनिक ने तलाश कर लौटने के बाद महाराजा को बताया कि यह कोई 'अवैध नवजात बालिका है जो किसी के द्वारा पाप छिपाने के लिए फेंकी गई है। श्रेणिक को संस्कार तीर्थंकर देवों से प्राप्त थे। वे अंगरक्षकों को समझाकर अपनी यात्रा की ओर बढ़ गये। समवसरण में तीर्थंकर महावीर देव से इस बालिका का पूर्वकाल सम्बन्धि प्रश्न किया। तीर्थंकर महावीर ने बताया कि - यह मगध के ही शालीग्राम के धनमित्र सेठ की कन्या धनश्री थी। धनश्री के उपार्जित कर्मों ने उसे इस भव में यह स्थिति दी। अब यह बड़ी होकर तुम्हारी पटरानी बनेगी। भगवान ने भविष्य तक की कथा बता दी। श्रेणिक आश्चर्यचकित रह गया किन्तु तीर्थंकर देव के वचनों पर उसे पूरा भरोसा था।

उस कन्या को एक वंध्या अमीर के यहाँ राजा की आज्ञा से पहुंचा दिया गया। वह बड़ी हो गई तथा उसका यौवन निखर गया। उसकी स्थिति ऐसी आकर्षक बन गई थीं कि जो भी उसे देखता उसके सौन्दर्य पर मोहित हो जाता। उस वर्ष राजगढ़ में कौमुदी महोत्सव का आयोजन हुआ इसमें नगर के हजारों युवक-युवतियां शामिल हुए। वह कन्या भी इसमें भाग लेने के लिए गई। संयोग से वह श्रेणिक के पास जाकर ही खड़ी हो गई। श्रेणिक उसे देखते ही उसके लावण्य का दीवाना बन गया। उसने तिकड़म लगाकर उसे प्राप्त करने के लिये राजमहल पहुँचा दिया। राजा ने उसके साथ भोग किया तथा वह उसे पहचान गया। इस पर वह जोरों से हंसा। रानी ने हंसने का कारण पूछ और हठ कर बैठी। राजा ने वह पूरी कहानी सुनाई जो समवसरण में विराजमान देवादिदेव महावीर स्वामी ने सुनाई थी। सुनते ही रात्रि को अपने पूर्व भव से बड़ी ग्लानि हुई। उसका नाम अपतगंधा था। अपतगंधा ने राजा की आज्ञा लेकर भगवान महावीर के पास साध्वी दीक्षा ली तथा वह आत्म कल्याण की ओर बढ़ गई।

◆◆◆

हम जय जिनेन्द्र क्यों कहते हैं ?

जैन भाई एक-दूसरे का अभिवादन जय जिनेन्द्र से करते हैं। जय जिनेन्द्र बोलते समय दोनों हथेलियों को जोड़कर हृदयस्थल के आगे लाते हैं और नतमस्तक होते हैं यह अभिवादन अपने छोटे, समान आयु के, बड़े, मित्र और अपरिचित सभी को किया जाता है। शास्त्रों में औपचारिक परम्परागत अभिवादन की पाँच विधाएँ बताई गई हैं।

नमस्ते केवल औपचारिक या अनौपचारिक भी हो सकता है, यह सांस्कृतिक परम्परा और एक पूजा विधि भी है। वास्तव में, इसके और बहुत से अर्थ भी निकलते हैं। संस्कृत में नमस्ते अर्थात मैं नमन करता हूँ, या आपको प्रणाम करता हूँ। नमः का शाब्दिक अर्थ न अंह भी हो सकता है अर्थात् मैं नहीं। इसका अध्यात्मिक आशय दूसरों के सामने अपने अंह को मिटाना अथवा कम करना भी है।

लोगों के आपस में मिलने का सही अर्थ होता है, उनके मन का मिलन जब हम जुड़ी हथेलियों को हृदय स्थल के आगे लाकर नमस्ते कहकर एक-दूसरे का अभिवादन करते हैं, तो कहना चाहते हैं कि हमारे हृदयों का मिलन हो जाये। नतमस्तक होना प्रेम और नम्रता से मित्रता का हाथ बढ़ाने का अतिशालीन ढंग है।

नमस्ते का आध्यात्मिक अर्थ और भी गहरा है। चैतन्य शक्ति, देवत्व आत्मा अथवा ब्रह्म जो मुझे में है, वही सब में व्याप्त है। इस अभिन्नता को स्वीकार करके हम नत मस्तक होकर और हाथ जोड़ कर जहाँ अभिवादन करते हैं तो वास्तव में देवत्व को प्रणाम करते हैं। इसीलिए कई बार जब हम किसी श्रद्धेय व्यक्ति अथवा ईश्वर को नमस्ते कर रहे होते हैं, तो अपनी आँखें बंद कर लेते हैं- मानो अपने अंदर झाँक रहे हों। इस भाव के साथ-साथ हम कभी-कभी, जयजिनेन्द्र, नमोनारायण, जय सिया राम, ओम शान्ति आदि शब्द भी बोलते हैं- जो देवत्व स्वीकार करने का ही सूचक है। यदि हम महत्व को समझें तो हमारा अभिवादन ऊपरी चेष्टा मात्र अथवा शाब्दिक नहीं रह जायेगा, बल्कि दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम और आदर के वातावरण में और भी गहरे आदान प्रदान का रास्ता आसान कर देगा।

जय जिनेन्द्र से जैन दर्शन में नौ प्रकार के जो पुण्य बताए गए हैं, वे अर्जित होते हैं। नमस्कार वही व्यक्ति करेगा, जिसके मन में विनय का गुण विद्यमान है। विनय जीवन के विकास का मूल आधार है। विनय से जीवन खिलता है। ज्ञान, दर्शन और चारित्र की अभिवृद्धि तभी संभव है जब हमारे मन में विनय हो। विनय की ज्योति मन मंदिर में सतत् प्रज्ज्वलित रहनी चाहिए।

◆◆◆

श्री नवकार कल्पद्रुम

(मुनिराज श्री विद्वद्रत्नविजयजी म.सा.)

सम्पूर्ण

जिनशासन नवकार भज, नहीं कार्य अवशेष।
जैसे पावस काल में, प्यासा कौन विशेष ॥70॥

शुभगति

जिनशासन नवकार भज, सद्गति तेरे हाथ।
कर मत इनसे याचना, भूत प्रेतादि भ्रात ॥71॥

तरंग

पराधीन अति हो गया, मन की लहर अपार।
वह कैसे स्मरण करे, जिनशासन नवकार ॥72॥

मोक्ष-बीज

मुक्ति बीज का वपन कर, ज्ञानी उर उद्गार।
मन तन वचन सहित भज, जिनशासन नवकार ॥73॥

दृढ़ आस्था

जिनशासन नवकार में, हो श्रद्धा अति अन्त।
विकट समय चाहे उदय, फिर भी समतावन्त ॥74॥

निश्चयात्मक

रे नर ! निश्चय अब करो, हरो विषय अधिकार।
तरो सहज भव सिन्धु से, भज करके नवकार ॥75॥

श्वास- मूल्य

जिनशासन नवकार भज, संत कहे समझाय।
चाहे सम्पत्ति व्यय कर, गये सांस कब पाय ॥76॥

लोभानल

अनल सभी को खा रहा, जितना इंधन डाल।
वैसे लालच त्याग कर, रह-रह शरण कृपाल ॥77॥

चरम मृत्यु

भाव भरे भव जल तिरे, मरे एक ही बार।
जिसने मन से जप लिया, जिनशासन नवकार ॥78॥

अयोग्य पुरुष

बांझ वृक्ष सिंचन करो, नहीं पुष्प प्रकटाय।
त्यों अभव्य भजे न अर्हं, करे न कोई उपाय।।79।।

दृढ़ व्रत

जिनशासन नवकार भज, करो न अन्य विचार।
जैसे प्रति व्रत नियम से, एक अधिप स्वीकार ।।80।।

रहस्य

जिनशासन नवकार बिन, कहा धर्म भूलोक।
ढूंढ रहे बाजार में, हा ! हा ! दुर्जन लोक ।।81।।

गूढ़ार्थ

जिनशासन नवकार पद, अतुलित अर्थ अनन्त।
कहो! भुजा से तिर सका, हा ! हा ! गहर सम्बन्ध ।।82।।

दुराग्रह निषेध

रे नर ! कभी न धार तू, मिथ्यामत्त का भार ।
एक भाव स्मरण करे, मंत्रराज नवकार ।।83।।

विद्या- विवेक

अति विद्या अभ्यास रत, नाना ग्रन्थ जबान ।
भजे नहीं नवकार तू, सब निष्फल अनजान ।।84।।

मूढ़ात्मा

हा ! हा ! नश्वर विषय में, मस्त मूढ़ संसार ।
जपा न पलभर एक भी, जिनशासन नवकार ।।85।।

विलोम-मनन

चिन्तित रहता अहर्निश, किंचित कुछ नुकसान।
लेकिन निष्फल जन्म तब, बिना अर्हं गुणगान ।।86।।

मूर्च्छा

आ जा मानव होश में, अल्प समय अवशेष।
जिनशासन नवकार भज, कैसे कहे विशेष ।।87।।

◆◆◆

(लेखांक-3)

धारावाहिक उपन्यास



किस्मत की बात

स्व. पुण्य सम्राट युग प्रभावक लोकसंत जैनाचार्य
श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म.सा.

राजा वीरधवल मुखिया के प्रस्ताव पर थोड़ी देर तक विचार करता रहा। राजा ने सभी पक्ष को ध्यान में रखते हुए सोचा। उसके मानस पटल पर यह बात भी उभर कर आई कि यदि आज इस गाँव के प्रस्ताव को स्वीकार किया तो बाद में अन्य गाँव भी ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं। यदि इस गाँव को छूट दी तो अन्य गाँवों को भी ऐसी ही सुविधा उनके द्वारा मांगने पर देनी होगी। अन्त में राजा ने मन ही मन निर्णय कर लिया की प्रस्ताव अच्छा है। इसमें जनता और राज्य दोनों का हित है। यदि एक गाँव से एक वर्ष कर नहीं मिला तो राज्य की आय पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। अगले वर्ष उससे कुछ न कुछ क्षतिपूर्ति तो होगी ही। फिर राज्य के खर्च में कुछ कटौती कर आय की कमी की पूर्ति करने का प्रयास किया जा सकता है। यदि इसी प्रकार सारे राज्य में सिंचाई की सुविधा बढ़ जावेगी तो राज्य की समृद्धि में चार चाँद लग जायेंगे। 'प्रजाजनों ! आपके मुखिया के द्वारा आपकी बात को हमने ध्यान से सुना। सुनने के पश्चात् हमने चिंतन भी किया। आपका प्रस्ताव उत्तम है। आप सब ऐसे श्रेष्ठ प्रस्ताव के लिये बधाई के पात्र हैं। हम आपको एक वर्ष के कर की छूट प्रदान करते हैं। आप सहर्ष अपने यहाँ कुएं खुदवाकर सिंचाई सुविधा का विस्तार कर लें। हम वचन तो नहीं देते हैं, किन्तु यह अवश्य कहते हैं कि यदि सम्भव हुआ तो आपको राज्य की ओर से कुछ सहायता भी देने पर विचार करेंगे।' राजा वीरधवल ने घोषणा कर दी। राजा की घोषणा के साथ ही गाँव की जनता अपने राजा की जय-जयकार कर उठी।

गाँव कोई बड़ा नहीं था, फिर भी यहाँ

के नागरिकों में अच्छा उत्साह था। गाँव वाले प्रतिवर्ष कुछ न कुछ नया काम करते रहते थे। गाँव में एकता भी अच्छी थी। साम्प्रदायिक सौहार्द्र तो ऐसा था कि सभी जाति व धर्म के लोग प्रत्येक धर्म का त्यौहार सामूहिक रूप से मनाया करते थे। ऐसा प्रतीत होता मानों इस गाँव में एक ही जाति और एक ही धर्म के लोग निवास करते हैं। राजा वीरधवल को इस बात की जानकारी थी और इसीलिये वह इस गाँव को अधिक महत्व भी देता था। इस गाँव में लोक कलाकारों की एक मंडली भी थी। यह मंडली समय-समय पर जनता के मनोरंजन के लिये नृत्य व गान के कार्यक्रम आयोजित करती रहती थी। राजा वीरधवल इस घोषणा के बाद यहाँ से प्रस्थान करना चाहते थे, किन्तु गाँव वालों ने आग्रहपूर्वक रोक लिया और रात्रि में उनके सम्मान में नृत्य-गान का कार्यक्रम भी रख दिया।

नृत्य-गान का कार्यक्रम गाँव के स्तर से भी ऊँचा था। नृत्यांगना एक युवती थी। उसका सौंदर्य अद्वितीय था। उसकी संगत करने वाले गायक का कंठ अत्यंत मधुर था। कार्यक्रम के अन्त में इस नृत्यांगना ने मयूर नृत्य किया। इस नृत्य को देखकर राजा वीरधवल मंत्रमुग्ध हो गया। वह वाह-वाह कर उठा और अपने गले का हार पुरस्कार स्वरूप उस नृत्यांगना की ओर उछाल फेंका। यद्यपि राजा का ऐसा करना उचित नहीं था, किन्तु किसी ने भी इस बात का बुरा नहीं माना। राजा को यदि नृत्यांगना को पुरस्कृत करना ही था तो नृत्य की समाप्ति के पश्चात् रंगमंच पर जाकर कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत कर सकता था। किन्तु प्रसन्नता के अतिरेक में वह ऐसा कर बैठा। खैर ! कार्यक्रम समाप्त हुआ और अंत में राजा ने कलाकारों को आशीर्वाद दिया तथा इन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने की दृष्टि से एक निश्चित धनराशि प्रति वर्ष देने की घोषणा भी की। इस अनापेक्षित सहायता से सभी कलाकार प्रसन्न हो गये। वे अपने अभाव की पूर्ति इस धनराशि से कर अपनी कला का और भी अच्छी प्रकार प्रदर्शन कर सकेंगे।

जब सभी कलाकार एक-एक राजा को प्रणाम कर जाने लगे तो राजा की दृष्टि नृत्यांगना पर अटक गई। यद्यपि इस बात पर किसी का ध्यान नहीं गया तथापि राजा के मुंह लगे एक अधिकारी ने राजा की इस दृष्टि को भांप लिया।

(क्रमशः)

◆◆◆

मानसिक तनाव से मुक्ति

आजकल मनुष्य का मन बहुत ही शंकालु और कमजोर होता जा रहा है। सहनशक्ति का अभाव होने से मानसिक आघात नहीं झेल पाता। इससे उसके ज्ञान-तंतुओं के मर्म व्यूहपर बुरा प्रभाव पड़ता है जिसके कारण मेरूदंड में विकार उत्पन्न होकर बुद्धि शून्य हो जाती है और मन असंतुलित होकर विचार शक्ति कमजोर हो जाती है, जिससे मनुष्य का 'आत्मविश्वास' डगमगा उठता है और धीरे-धीरे वह निराश और कायर बनता जाता है।

अत्याधिक श्रम, व्यापार-धंधे में आर्थिक नुकसान, प्रियजनों का वियोग, दुख में डूबे रहना, प्रतिकूल परिस्थितियों, विपत्तियों का भार, विचारों को अंदर ही अंदर दबाना जैसे कारणों से मनुष्य में उदासीनता, खिन्नता और चिड़चिड़ापन आ जाता है। कभी -कभी जब परेशानियां बहुत बढ़ जाती हैं, तब मनुष्य एकांत में आत्म-हत्या का विचार करने लगता है। उसके लिए जीवन एक भार, निराश और नीरस रूप में सामने खड़ा दिखाई देता है।

अधिकतर यह भी देखने में आता है कि मनुष्य व्यर्थ और फिजूल की बातों पर चिंतन अधिक करता है, जिसकी न तो कोई प्रतिक्रिया ही होती है और न ही कोई परिणाम निकलता है। कई ऐसे व्यक्ति मिलते हैं जो दूसरों की चिंता करते-करते ही क्रोधित हो जाते हैं। बहुत से चिढ़े हुए होने के कारण मन ही मन किसी न किसी पर दोष लगाकर एकांत में भला-बुरा कुछ भी बड़बड़ाते रहते हैं। अधिकांश व्यक्ति काल्पनिक शत्रु से भयभीत रहते हैं। वे सोचते हैं कि वह व्यक्ति हमारे धंधे में शत्रु है। 'मन' के बाणों से उस पर प्रहार करते रहते हैं। इस प्रकार जीवन का बहुमूल्य समय फालतू विचारों में बर्बाद हो जाता है।

मनुष्य दुःखी क्यों है? दुख का कारण क्या है? दुःख कैसे उत्पन्न होता है? यह सब प्रश्न अलग-अलग ढंग से हम सब के साथ जुड़े हुए हैं। दुःख दो प्रकार का बतलाया गया है। शारीरिक और मानसिक। शारीरिक दुःखों को तो भौतिक उपचार द्वारा चिकित्सा करके ठीक किया जा सकता है परन्तु मानसिक दुःख के लिए मन चिकित्सा और आध्यात्म की आवश्यकता होती है।

इसकी सत्यता को पाश्चात्य देशों ने भी माना है। आधुनिक विज्ञान भी आजकल 80 प्रतिशत शारीरिक बीमारियों में मानसिक विकारों को मूल उत्पत्ति

का कारण मानता है। इसलिए इन रोगों की चिकित्सा के लिए विदेशों में मनोविश्लेषक एवं सायकेट्रिस्ट का चलन अधिक है। जुग, एलर, फ्रायड आदि मानसशास्त्रियों ने इस विषय पर बहुत सी पुस्तकें लिखी हैं जो अनुभवपूर्ण और उपयोगी हैं।

मानसिक विकारों से छुटकारा पाने के लिए योग सूत्र में चार प्रकार की वृत्तियों का उल्लेख किया है- मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा।

मैत्रीभावना भय का विनाश करती है और जहां भय नहीं रहता वहां जीवन में निराशा और कायरता भला कैसे आ सकती है ? मनुष्य को सबके प्रति सद्भाव रखना और उसका अभ्यास करना ही 'मैत्री' का स्वरूप है। दुःखी मनुष्य के दुःख में सहानुभूति का प्रदर्शन करना 'करुणा' का स्वरूप है। सुखी के सुख में सुख की भावना रखना 'मुदिता' और अपने से प्रतिकूल विचारवालों के झंझट में नहीं पड़ना 'उपेक्षा' है। इन चारों में उपयोगी 'मैत्री भावना' है। जीवन में इसका उपयोग कैसे करना चाहिये। इसका वर्णन विभिन्न धर्मों में अलग-अलग रूप से किया गया है।

मैत्री भावना के अभ्यास से मनुष्य सुख की गहरी नींद सोता है। भयानक स्वप्न उसे परेशान नहीं करते। जागृत अवस्था में जो व्यक्ति दूसरों की बुराई सोचता है स्वप्नावस्था में उन्हीं लोगों द्वारा वह दुःखी होता है। उसका मन दुःखी संसार का निर्माण स्वयं करता है। जब हम दूसरों की बुराई चाहते हैं तो वह हमें शत्रु के रूप में दिखाई पड़ते हैं जिसके कारण हमारे मन में भय उत्पन्न हो जाता है।

इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह सदा अपने मित्र और शत्रु दोनों के लिए सद्भावना मन में लाए। कितने ही व्यक्ति आगे होने वाली घटनाओं के चक्र में चिंतित रहते हैं जो वास्तव में घटित होती ही नहीं। इसलिए मनुष्य अगर 'मैत्री भावना'का अभ्यास करे तो उसके मन में अकारण बुरे विचार उठते ही नहीं। उसका चेहरा प्रसन्नचित और वह सबका प्रिय होता है।

जिसका अंतःकरण स्वस्थ होगा, उसका शरीर निश्चित ही स्वस्थ होगा। मन तो बीज है और बीज के अनुरूप ही वृक्ष और फल होता है। इसलिए शारीरिक स्वास्थ्य की उत्तमता के लिए मानसिक स्वास्थ्य की उत्कृष्टता का होना अनिवार्य है।

◆◆◆

प्रतिक्रमण याद करने के लाभ

(डॉ. दिलीप धींग, चेन्नई)

जो व्यक्ति प्रतिक्रमण कण्ठस्थ कर लेता है , वह जाने-अनजाने अनेक उपयोगी ज्ञानवर्द्धक आगमिक बातों का जानकार हो जाता है। प्रतिक्रमण मूलतः प्राकृत में हैं। प्राकृत संस्कृत दिव्य भाषाएँ मानी जाती हैं। उनका उच्चारण मंगलकारी माना जाता है। जहाँ नियमित सामायिक प्रतिक्रमण की आराधना होती है, वहाँ अनेक अशुभ टल जाते हैं। केवल प्रथम सामायिक आवश्यक को ही द्वादशांगी का सार और चौदह पूर्व का अर्थपिण्ड कहा गया है तो छह आवश्यक सहित सम्पूर्ण प्रतिक्रमण का महत्व निःसंदेह बहुत अधिक है।

जिसे प्रतिक्रमण याद है- (1) वह सगर्व यह कह सकता है कि उसे एक आगम कण्ठस्थ है। (3) वह पंच परमेष्ठी के स्वरूप और उनके गुणों का जानकार हो जाता है। (3) वह छह आवश्यकों का जानकार हो जाता है। (4) वह यह जान जाता है कि अठारह पाप कौन से होते हैं। (5) उसे कई स्तुतियाँ, स्तवन याद हो जाता हैं। (6) उसे प्रत्याख्यान का पाठ याद हो जाते है, जिससे वह किसी को भी प्रत्याख्यान करवा सकता है अथवा स्वयं भी प्रत्याख्यान पूर्वक कोई नियम ले सकता है। (7) वह श्रावक के बारह व्रतों (3 गुणव्रत व 4 शिक्षा व्रत सहित) का जानकार हो जाता है। (8) वह बारह व्रतों का स्वरूप और उनके दोषों (अतिचारों) का जानकार हो जाता है। (9) वह रत्नत्रय (सम्यग्ज्ञान्, सम्यग्दर्शन व सम्यक्चारित्र) के स्वरूप को समझ सकता है। प्रतिक्रमण के सूत्रों व पाठों में ज्ञान, ध्यान, विनय, अनुशासन, नैतिकता और प्राणीमात्र से मैत्री के संदेशों की अनुगूंज है। प्रतिक्रमण में अनेक विषय समाविष्ट हैं। प्रतिक्रमण जानने वाला कहीं भी विचार व्यक्त करना चाहे तो वह प्रतिक्रमण में से कई तथ्य उद्धृत कर सकता है और उसकी अभिव्यक्ति को प्रभावशाली व प्रामाणिक बना सकता है। अर्थ को समझते हुए प्रतिक्रमण याद किया जाए और उसकी सही रूप से आराधना की जाए तो जीवन में नई रोशनी पैदा होती है। माता-पिता को चाहिये कि वे अपनी सन्तान को अन्य चीजों के अलावा प्रतिक्रमण भी कण्ठस्थ कराएँ। बाल किशोर वय में याद किया गया प्रतिक्रमण जीवन भर की पूंजी बन जायेगा। ◆◆◆

स्वतंत्रता संग्राम में जैन समाज के अमर शहीद

(संशोधक– मुनि श्री चारित्ररत्नविजयजी म.)

भारत की स्वतंत्रता के लिये प्रथम संग्राम सन् 1857 की क्रांति था, हालांकि अंग्रेजों ने इसे गदर या बगावत का नाम देकर बदनाम किया तथा नृशंस अत्याचारों के द्वारा हजारों लोगों की बलि देने तक में संकोच नहीं किया। देश की स्वतंत्रता के इस संघर्ष में जैन समाज का भी महत्व पूर्ण भूमिका रही। शूर जैनवीरों ने तोपों के सन्मुख खड़े होकर भारत माँ की बेदी पर शहादत देने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इनमें तत्कालीन ग्वालियर राज्य के कोषाध्यक्ष श्री अमरचंद बांठिया का नाम प्रमुखता से लिया जाना चाहिए जिनने महारानी लक्ष्मीबाई की सेवा को पाँच माह के वेतन का भुगतान करने के लिए अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए ग्वालियर राज्य के गंगाजली कोष में जमा राशि की चाबियाँ चुपचाप क्रांतिकारी सेना को दे दी। उस समय ग्वालियर राज परिवार ने अंग्रेजों का साथ दिया था। सन् 1857 की क्रांति के विफल हो जाने पर अंग्रेज शासकों ने श्री अमरचंद बांठिया को गिरफ्तार कर लिया व जेल में डाल दिया। यहाँ उन्हें बहुत यातनाएँ दी गईं। उनके अण्डकोष पर पत्थर बांध कर दौड़ाया गया। जब अमरंचदजी ने माफी मांगने से इंकार कर दिया तो उनके आठ वर्षीय पुत्र को तोप के मुँह पर बांध कर उड़ा दिया गया। सेठश्री बिलकुल विचलित नहीं हुए। इस पर उन्हें ग्वालियर स्थित सर्राफा बाजार के पेड़ पर बांध दिया गया। उनसे अंतिम इच्छा पूछी गई, उनने एक सामायिक कर 84 लाख जीव योनियों के प्राणियों से क्षमा याचना करने के लिए कहा। इसकी उन्हें इजाजत मिली। चमत्कार भी ऐसा हुआ कि फांसी पर चढ़ाने पर पहले रस्सी टूट गई तथा दूसरी बार पेड़ की डाली टूट गई। तीसरी बार नीम के पेड़ से उन्हें मजबूती से बांधा गया। दि. 22 जून 1858 को उन्हें फांसी चढ़ा दिया गया। इस नीम के पेड़ के पास आज भी सेठजी की एक छोटी प्रतिमा स्थापित है। जैन संस्कृति भारतीय स्वतंत्रता के लिये शहीद हुए ऐसे सपूत का नाम गौरव के साथ लेती है।

◆◆◆



स्व. श्रीमद् विजय
जयन्तसेनसूरीश्वरजी
महाराज



मुनि श्री प्रशमसेन
विजयजी महाराज

'मधुकर' सार्थक नाम

(मुनि श्री प्रशमसेनविजयजी महाराज)

'मधुकर' उपनाम खूब प्रचलित है। एक शब्द जैन शास्त्रों में साधु जीवन के उल्लेख के संदर्भ में प्रयुक्त होता रहता है 'मधुकरी भिक्षा'। मधुकर याने भौंरा, जैसे भौंरा पुष्प पटल पर प्रसरित पराग को थोड़ा-थोड़ा ग्रहण करता है तथा तृप्त होता है। उसकी तृप्ति में कभी भी किसी पुष्प का सम्पूर्ण संचय समाप्त नहीं होता, पुष्प को ज्ञात ही नहीं होता कि उसके पराग कणों का लेन हुआ है। उसी प्रकार साधु कई परिवारों में जाकर अल्पमात्रा में भिक्षा ग्रहण करते हुए अपनी पूर्ति करता है। इसलिये उसकी भिक्षा को मधुकरी भिक्षा कहा गया। जैनाचार्य राष्ट्रसंत श्रीमद् विजय नामांकन जसन्तसेन सूरीश्वरजी महाराज के मुनिराज श्री जयंतविजयजी महाराज के साथ भी उपनाम के रूप में सदैव 'मधुकर' जुड़ा रहता रहा। मुनि के साथ 'मधुकर' शब्द मधुकरी भिक्षा की ओर ही संकेत करता है लेकिन मुनिराजश्री जयंतविजयजी महाराज को यह उपनाम इंदौर के सुविख्यात् पं.करमलकर शास्त्री ने मुनिराजश्री की ज्ञान-श्लाघा करते हुए दिया। मुनिराजश्री जयन्तविजयजी का संस्कृत का अध्ययन इन पंडितजी की निश्रा में चल रहा था। मुनिराजश्री को जो श्लोक अच्छे लगते थे, उन्हें वे कंठस्थ कर लेते थे। इस पर पण्डितजी खुश हो गये। उन्होंने श्लोक चयन पर कहा- 'जैसे भंवर, पुष्प से रस ही लेता है, वैसे ही आप मधुर श्लोक चुन लेते हैं।'

इसलिये उन्होंने मुनिराजश्री जयन्त विजयजी महाराज को 'मधुकर' नाम दे दिया। साथ ही एक अन्तरलापिक बनाई 'कुसुमज मधु पातुम् कर्मवीरः क्षमः कः।' मुनिराजश्री के नाम के साथ 'मधुकर' उपनाम हर कहीं शोभित हुआ। कविताओं, कहानियों, लेखों आदि रचनाओं के प्रकाशन में यह उपनाम उनके नाम के साथ ही रहा। इनकी लाखों प्रतियों में यह सदैव जगमगाया।

यों राष्ट्रसंत जैनाचार्यश्री प्रखर कवि हैं। इनने कई आध्यात्मिक कविताएं रची हैं, जिनका प्रकाशन हुआ है। गुरुदेव के जीवन पर महाकाव्य भी प्रकाशित हुआ है। आपने सतसई की रचना भी की है। कोई इक्कीस सौ दोहों ने प्रकाशन प्राप्त किया है।

आपके जीवन में जितने भी महत्वपूर्ण प्रसंग आये, आपने उन पर तत्काल कविताएं तैयार की तथा समारोह में उनका सस्वर पाठ किया। पूजाएं, स्तवन, चैत्य-वन्दन आदि तो आध्यात्मिक कविता की विधाएं हैं हीं, इनको अगणित पंक्तियां आपकी काव्य शैली से प्राप्त हुई है।

भारत में कवि संसार में उपनाम रखने की परम्परा शताब्दियों से चली आ रही है। आपके उपनाम 'मधुकर' ने आपके सफल कवि होने के व्यक्तित्व को उजागर किया। पूज्यश्री न केवल कविताओं का सृजन करते थे, बल्कि रसान्वित श्रोताओं के उपलब्ध होने पर उन्हें सुनाते भी थे। विशेषतः आपके दर्शनार्थ कवियों का समूह एकत्र होने पर आप उनमें कवि ही बन जाते थे। उनकी कविताओं का श्रवण करने के साथ-साथ अपनी डायरी भी खोलकर कविताओं की रसधारा प्रवाहित करने लगते थे।

सन् 1956 का वर्षावास खाचरौद, सन् 1957 का वर्षावास रानापुर जिला झाबुआ, सन् 1958 का वर्षावास जावरा में हमारे राष्ट्रसंत ने अपने गुरुदेव के सान्निध्य में किये और अपने ज्ञानाभ्यास का क्रम जारी रखा। सन् 1959 एवं 1960, ये दोनों वर्षावास गुरुदेव के सान्निध्य में राजगढ़ (धार) में किये। उल्लेखनीय तथ्य यह रहा है कि गुरुदेव के उपदेशों तथा हमारे परम पूज्य राष्ट्रसंत के प्रयासों से अखिल मालव मेवाड़ प्रांतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद की स्थापना गुरुदेव पीताम्बर विजेता आचार्य श्री यतीन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. के हाथों से हुई।

वैराग्य कैसे हुआ ?

दशरथ राजा- वृद्धावस्था देखकर, हनुमानजी - संध्या के बादल देखकर, दशार्णभद्र- इन्द्र के सामेले की ऋद्धि देखकर, मृगापुत्र- साधु को देखकर, अषाढाचार्य- शराब पीये हुए पत्नी को देखकर, आर्यरक्षित - सामेले में माँ की गैरहाजरी देखकर, धन्नाजी- स्नानागार में पत्नी के कटुवचन सुनकर, शालीभद्र- क्या मेरे ऊपर भी नाथ (श्रेणिक को देखकर), स्थुलभद्र- पिता की मृत्यु से प्राप्त मन्त्रि मुद्रिका के चिन्तन से, बाहुबली- उठाये हुए हाथ का क्या ? अभयकुमार- जा अपना मुँह कालाकर (पिता के वचन) खंधकसूरी के साले खून से सनी मुहपत्ती देखकर।

जिनशासन की वर्णमाला

(साध्वीश्री तृप्तिदर्शनाश्रीजी म.सा.)

म-मनः- बहुत कीमती चीज है 84 लाख योनि में 58 लाख योनी में मन नहीं मिलता है। सिर्फ 26 लाख योनी में ही मन मिलता है । मन मिलना बहुत दुर्लभ है। मन तारक भी है और मारक भी है। मन चंचल मेघ के समान है। कभी क्या विचार करता है कभी क्या वास्तव में व्यक्ति को कोई भी सुखी-दुःखी नहीं कर सकता है। वह मन से ही सुखी-दुःखी होता है। सारी परिस्थिति मन के ऊपर Depend है। अगर हम मन से दृढ़ संकल्प कर लेते है कि मुझे यह कार्य करना ही है तो किसी भी प्रकार से कर ही लेता है। कोई सोच ले कि मुझे कैसा भी निमित्त मिले मुझे तो दुखी नहीं होना है तो वह नहीं होता है। मन हार जाता है तो कुछ भी नहीं कर सकते हैं।

If mind is upset then everthing is upset & if mind is ok then everything is ok.

मन बड़ा भयंकर है तंदुलमतस्य काया से तो कुछ भी पाप नहीं किया लेकिन मन से तीव्र कोटि का अशुभ विचार किया है तो मरकर सातवीं नरक में गया। इसलिए हे जीव। मन से किसी भी प्रकार की पाप प्रवृत्ति तेरे से न हो इस प्रकार तूँ उपयोगवंत रहना।

य-यति - यानि साधु- जो साधना करे वह साधु ।

मोक्षमार्ग में ले जाने वाले 10 प्रकार के श्रमणधर्म होते हैं। जिसकी साधना साधु करता है। **(1) खंति-क्षमा =** क्रोध नहीं करना **(2) मृदुता-** अभिमान का त्याग **(3) आर्जव- सरलता-** माया का त्याग **(4) निर्लोभता-** लोभ का त्याग **(5) तप-** 12 प्रकार का **(6) संयम-** 17 प्रकार का (5 महाव्रत + 5 इन्द्रिय + 4 कषाय + 3 योग) **(7) सत्य-** सर्व प्रकार से सत्य बोलना **(8) शौच-**अदत्तग्रहण का त्याग **(9) आकिंचन -** सर्वप्रकार से परिग्रह का त्याग **(10) बंभ-** सर्व प्रकार से मैथुन का त्याग ।

र-रत्नराज :- भरतपुर के पारख परिवार में ऋषभदासजी सोना-चांद एक प्रसिद्ध व्यापारी थे। एक दिन केसरबाई ने स्वप्न में देखा कि एक तरुण व्यक्ति ने चमकतारत्न केसरबाई को दिया। स्वप्न का फल एक अनुभवी से पूछने पर बताया कि एक भाग्यशाली पुत्ररत्न की प्राप्ति होगी।

विक्रमसंवत् 1883 की पोषशुक्ला सप्तमी, गुरुवार को माता केसरबाई ने सर्वगुण सम्पन्न पुत्ररत्न को जन्म दिया। स्वप्नानुसार पुत्र का नाम रत्नराज रखा। संवत् 1904 में उदयपुर में गुरु प्रमोदसूरिजी से दीक्षा ली। दीक्षा का नाम रत्नविजयजी रखा। आहोर नगर में पूज्य रत्नविजयजी को आचार्य पद प्रदानकर उनका नाम राजेन्द्रसूरीश्वरजी रखा। संवत् 1925 में जावरा में छड़ी चामर, पालकी आदि आदेश्वर भगवान के मन्दिर में चढ़ाकर महोत्सव के

साथ क्रियोद्धार किया और साधु जीवन की शिथिलताओं को दूर किया। कई बार पूरी रात्री ध्यान में रहते थे और ध्यान में पूर्व की घटनाओं का आभास हो जाता था। कुक्षी चातुर्मास में 45 आगमों का व्याख्यान दिया, मोदरा के निकट, चामुंड़ावन में 8 अट्ठाई की और पद्मासन में प्रभु ध्यान में मग्न रहकर सवा करोड़ का जाप किया, जालोर किले के जिनालयों का जिर्णोंद्धार, मोहनखेड़ा तीर्थ, सियाणा, कड़ोद आदि गावों में प्रतिष्ठा करवाई। सियाणा नगर में राजेन्द्रकोष की रचना आरंभ की ओर सुरत में अभिधान राजेन्द्र कोष का लेखन समाप्त हुआ। गुरुदेव ने पौषसुदि तीज को पद्मासनस्थ होकर अनशन स्वीकार किया।

तीज का शेष भाग, चौथ, पाँचम, छट्ठ की रात्रि प्रारंभ हुई। समस्त संघ उपस्थित था, गुरुदेव ने क्षण मात्र के लिए आँखे खोलकर सबसे करबद्ध हो बोले 'वेरं मज्झं न केणइ, मित्ति में सव्वभूएसो' आँखे पुनः बंद की। तब उपाश्रय के समीप से झालर में से झंकार की ध्वनि आई। गुरुदेव के मुख से 'ॐ अर्हं नमः' का स्वर निकला। घड़ी में आठ बजकर आठ मिनिट हुई थी। गुरुदेव का स्वर भेद होने लगा 1963, पोष शुक्ल 6 की रात को गुरुदेव का देवलोक गमन हुआ।

ल–लक्ष्य : – किसी वस्तु की प्राप्ति के लिए किया जाता है वह लक्ष्य। जैसे प्रभु पूजा का लक्ष्य चित्त की प्रसन्नता, सभी आराधना का अंतिम लक्ष्य वीतराग, मोक्ष की प्राप्ति, बिना लक्ष्य के जीना यानि दिशाहीन होना।

हमारा लक्ष्य सही होना चाहिए और उसी दिशा में सद्पुरुषार्थ करना चाहिए. जिस प्रकार आपको C.A. बनना है Engineer, Collectoar, Doctor आदि बनना है तो उसी लक्ष्य को प्राप्त करने की मेहनत करते हो, रात–दिन उसी में आपका मन लगा हुआ रहता है। सुख पुरुषार्थ करते हो उसी प्रकार अपना जीवन का जो अंतिम लक्ष्य है 'मोक्ष' उसको प्राप्त करने के लिए उस लक्ष्य से सम्यक् प्रकार से, सद्पुरुषार्थ से आराधना, साधना करना चाहिए। अपना लक्ष्य सही दिशा में चल रहा हो तो मंजिल दूर नहीं है। अतः अपना लक्ष्य शुद्ध करके सही दिशा में चलने का पुरुषार्थ करना चाहिए।

व–व्रतः– 12 व्रत होते हैं। श्रावक के 12 व्रत होते हैं। बारह व्रत अर्थात् बिना खाये, बिना भोगे, बांधने वाले अनेक निरर्थक कर्मों से मुक्ति पाकर विपुल प्रमाण में पुण्य उपार्जन करने की मास्टर Key है। जो देव–गुरु–धर्म की साक्षी में 12 व्रतों को ग्रहण करते है उसे श्रावक कहते हैं। बारह व्रतों का नाम – (1) स्थूल प्राणितिपात विरमणव्रत (2) स्थूल मृषावाद विरमण व्रत (3) स्थूल अदत्तादान विरमण व्रत (4) परस्त्रीगमन विरमण व्रत (5) स्थूल परिग्रह विरमण व्रत (6) दिक् परिमाण व्रत (7) भोगोपभोग विरमण व्रत (8) अनर्थदंड विरमण व्रत (9) सामायिक व्रत (10) देशावगाशिक व्रत (11) पौषधोपवास व्रत (12) अतिथि संविभाग व्रत। ◆◆◆

आत्मोद्धार है तो आनन्द है

(सुहानी आंचलिया, जावरा)

आत्मोद्धार अर्थात आत्मा का उद्धार और जहां, जिस क्षण में आत्मा का उद्धार है वहां सिर्फ आनन्द ही आनन्द समाया हुआ है। अस्थाई या बाहरी आनन्द नहीं बल्कि आत्मा से निकली ऊर्जा का आनन्द जो दिखाई नहीं देता सिर्फ महसूस किया जा सकता है।

जैसा कि हम जानते हैं धातु को तपाने से सोना बनता है। ठीक वैसे ही आत्मा को तपाने से उसका आत्मोद्धार होता है। आत्मोद्धार तभी संभव है जब हम पाप की वृत्ति को कम कर पुण्य की उपासना करे।

हर पल, हर क्षण जो भी कार्य करें चाहे वह मन से करें, वचन से करें या काया से करें। उस कार्य को करने से पहले क्षणिक भर यह जरूर सोचें कि क्या उसमें पाप का क्षय हो रहा है या पुण्य की मनोवृत्ति हो रही है। अगर अंतरात्मा से 'हाँ' का जवाब मिले तभी उस कार्य को करने में अपनी अग्रसरता दिखाएँ।

आत्मा को तपाना आसान नहीं है। अगर आत्मा को तपाना है तो अपनी इच्छाओं को कम करना होगा। मन को वश में करना होगा मन का गुलाम बनने से बचना होगा, तब जाकर आत्मा का उद्धार सम्भव है।

यह रास्ता तो मात्र पहला कदम है या कहे तो सीढ़ी का पहली पक्तियाँ। उन सभी संसारी जीव के लिए जो अपनी आत्मा का उद्धार करना चाहते हैं।

सही मायने में आत्मोद्धार की सीढ़ी है 'दीक्षा'।

दीक्षा मतलब संसार से वैराग्य, राग, द्वेष, मोह, माया से कोसों दूर। सिर्फ और सिर्फ अपनी आत्मा को तपाकर, कर्मों के निर्जरा कर उसका उद्धार करना और साथ ही गति को सुधारना।

आत्मोद्धार कहो या दीक्षा दोनों एक ही समान है।

जब कोई दीक्षा लेता है तो उनके मन में मोक्ष की चाह तो रहती है। लेकिन उससे पहले वह अपनी आत्मा का उद्धार करना चाहते है क्योंकि सिर्फ यही एक रास्ता है जो हमें मोक्ष पर ले जाता है और वह है 'आत्मोद्धार'।

इसलिए कहा जाता है कि 'आत्मोद्धार है तो आनन्द है।'

◆◆◆

ગુર્જર જૈન જ્યોત

(શાશ્વત ધર્મ ગુજરાતી આવૃત્તિ)

સંપાદક : સુરેશ સંઘવી

ફ્લેટ નં.બી-૧૦૩, બોરસલ્લી એપાર્ટમેન્ટ, ત્રીજે માળ,

ખાનપુર જી.પી.ઓ. નજીક, ખાનપુર, અમદાવાદ-૧. મો. : ૯૭૨૪૫૭૧૦૭૯

ભગવાન મહાવીરે શું કહ્યું ?

લેખક : આચાર્ય શ્રી જયંતસેનસૂરિ 'મધુકર'

અભયદાન

"॥ દાણાણ સેઠ્ઠં અભયપ્પદાણં ॥"

(અભયદાન શ્રેષ્ઠ દાન છે.)

આવશ્યક્તાઓની પૂર્તિ માટે જે બીજાને આપવામાં આવે છે તે 'દાન' છે. આવશ્યક્તાઓ અનેક પ્રકારની એટલે દાન પણ અનેક પ્રકારનાં હોય છે.

અન્નદાન, જલદાન, વસ્ત્રદાન, શયનદાન, આસનદાન, આશ્રયદાન વગેરે. પ્રાચીન સમયનાં પ્રસિદ્ધ દાનો સિવાય કેટલાંક આધુનિક દાનો પણ છે : જેવાં કે શ્રમદાન, (મહાત્મા ગાંધી દ્વારા શરૂ કરાયેલ) ભૂદાન, સંપત્તિદાન (આ બે દાન વિનોબા દ્વારા શરૂ કરાયા છે.) વગેરે.

પરંતુ સૌથી વધારે આવશ્યક તત્વ માણસનું જીવન છે. પાણીમાં ડૂબતો, આગમાં સળગતો અથવા પ્રાણઘાતક પ્રહારોથી ગભરાયેલો માણસ સૌથી પહેલાં જીવિત રહેવું પસંદ કરે છે. માટે, શરણદાન કે પ્રાણદાન સૌથી શ્રેષ્ઠ છે. પાકિસ્તાનના જંગલી અત્યાચારોથી વ્યાકુળ થઈને ભાગેલા બાંગલા દેશના લગભગ એક કરોડ નિર્વાસિતોને ભારતે શરણદાન આપ્યું. શરણદાનથી શરણાર્થી નિર્ભય થઇ જાય છે. એટલા માટે તેને 'અભયદાન' પણ કહે છે.

સૂત્રકૃતાંગ સૂત્ર, ૧/૬/૨૩

પૂજ્ય ગચ્છાધિપતિ શ્રી તથા પૂજ્ય આચાર્યશ્રીની પાવનકારી નિશ્રામાં સિયાણા - મેંગલવા અને પાંથેડીનગરે સંયમોત્સવ સંપન્ન

સિયાણા : પુણ્ય સમ્રાટ આચાર્યદેવેશ શ્રીમદ્‌વિજય જયંતસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા.ના પટ્ટધર પૂજ્ય ગચ્છાધિપતિ શ્રીમદ્‌વિજય નિત્યસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા. તથા પૂજ્ય આચાર્ય શ્રીમદ્‌વિજય જયરત્ન સૂરિશ્વજી મ.સા.ની પાવનકારી નિશ્રામાં વિશાળ શ્રમણ-શ્રમણીવૃંદની ઉપસ્થિતિમાં સિયાણા-મેંગલવા અને પાંથેડીનગરે ઉત્સાહભેર સંયમોત્સવ સંપન્ન થયો હતો.

સંવત ૨૦૭૭ના મહા સુદ ૧૦ને સોમવાર તા. ૨૨-૨-૨૦૨૧ના રોજ સિયાણાનગરે મુમુક્ષુરત્ના કોમલકુમારીને બંને આચાર્ય ભગવંતોએ વિધિવિધાન સાથે રજોહરણ પ્રદાન કર્યો હતો અને નૂતન સાધ્વીજી તરીકે સાધ્વીજી શ્રી વિધિલતાશ્રીજી મ.સા.નું નામકરણ ઘોષિત કરાયું હતું. આ સંયમોત્સવ દરમ્યાન પ્રતિદિવસ જિનાલયમાં વિવિધ પૂજાઓ, અંગરચના અને ભક્તિના કાર્યક્રમો સંપન્ન થયા હતા. લાભાર્થી પરિવારોનું શ્રીસંઘ તરફથી બહુમાન કરાયું હતું. તા. ૨૧-૨-૨૦૨૧ના રોજ ભવ્ય વરસીદાનનો વરઘોડો નીકળ્યો હતો.

મેંગલવા : મુમુક્ષુરત્ના પ્રિયાકુમારીની પ્રવજ્યા નિમિત્તે શ્રી છગનલાલજી કંદનમલજી સંકલેચા પરિવાર દ્વારા તા. ૨૪ ફેબ્રુઆરીથી તા. ૨૮ ફેબ્રુઆરી ૨૦૨૧ સુધી આયોજિત પ્રવજ્યા પ્રિયોત્સવ નિમિત્તે પંચન્હિકા મહોત્સવનું આયોજન કરાયું હતું. જેમાં વિવિધ ધાર્મિક અનુષ્ઠાન સંપન્ન થયા હતા. તા. ૨૫ ફેબ્રુઆરીના રોજ બંને આચાર્ય ભગવંતો આદિ શ્રમણ-શ્રમણીવૃંદનો ભવ્ય સામૈયા સાથે વાજતે-ગાજતે નાસિકના ઢોલના ધબકારે નગર પ્રવેશ કરાવાયો હતો. જ્યાં પુણ્યસમ્રાટ આચાર્ય દેવેશ શ્રીમદ્‌વિજય જયંતસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા.ના ૩૯માં પાટોત્સવ નિમિત્તે ગુરૂગુણાનુવાદ સભાનું આયોજન કરાયું હતું. પૂજ્યશ્રીઓએ પૂજ્ય ગુરૂદેવનું સ્મરણ કરી તેમના ગુણો પર પ્રકાશ પાડ્યો હતો. પાટોત્સવ નિમિત્તે ગૌગ્રાસ અને પાઠ્ય સામગ્રીનું વિતરણ કરાયું હતું. વિજય મુહૂર્તમાં શ્રી સુમતિનાથ જિનાલય પર વિધિવિધાન સાથે ૪૪મી વાર્ષિક તિથિએ ધ્વજારોહણ કાર્યક્રમ સંપન્ન થયો હતો. આ પ્રિયોત્સવના પાંચેય દિવસ દરમ્યાન પ્રતિરોજ પૂજાઓ, અંગરચના, ભક્તિભાવના, વરસીદાનનો વરઘોડો, ઘર ઘર તોરણ, હળદર(પીઠી), મહેંદી વિતરણ તેમજ મુમુક્ષુરત્નાને ઘરથી દિક્ષા અપાવવા વાજતે-ગાજતે શોભાયાત્રા વિગેરે જાજરમાન કાર્યક્રમો સંપન્ન થયા હતા. તા.

૨૮-૨-૨૦૨૧ના મંગલમય દિવસે દીક્ષા મંડપમાં મુમુક્ષુરત્ના પ્રિયાકુમારી આવી પહોંચતા જય જયકારના નારાઓથી દીક્ષા મંડપ ગુંજી ઉઠ્યો હતો અને શુભ મુહૂર્તમાં વિધિવિધાન સાથે મુમુક્ષુરત્નાને બંને આચાર્ય ભગવંતોએ રજોહરણ પ્રદાન કર્યો, ત્યારે અડધો કલાક સુધી મુમુક્ષુરત્ના પ્રિયાકુમારીએ હર્ષવિભોર બની નૃત્ય કર્યું હતું. દીક્ષાવિધિ સંપન્ન થવા સાથે નૂતન સાધ્વીજીશ્રીનું નામકરણ ઘોષિત કરાયું હતું. નૂતન સાધ્વીજી શ્રીમાધુર્યલતાશ્રીજી મ.સા.નો જય જયકાર ગુંજી ઉઠ્યો હતો.

આ પ્રિયોત્સવમાં નજીકના ગામો-નગરો સિવાય ગુજરાત, મધ્યપ્રદેશ, મહારાષ્ટ્ર, કર્ણાટક, તામિલનાડુ વગેરે રાજયોમાંથી મોટી સંખ્યામાં શ્રદ્ધાવંત ભક્તો પધાર્યા હતા.

પાંથેડી : શા. ગોકુલચંદ પ્રભાજી બંદામુથા, શા કાનરાજ ફુલચંદજી બંદામુથા પરિવાર દ્વારા શ્રી ગોડીજી પાર્શ્વ-શીતલનાથ જૈન શ્વેતાંબર મંદિરમાં મુમુક્ષુરત્ના પાયલકુમારીની પ્રવજ્યા નિમિત્તે તા. ૨૭-૨-૨૦૨૧ના રોજથી તા. ૩-૩-૨૦૨૧ના રોજ સુધી દરરોજ પંચાન્હિકા મહોત્સવનું ભવ્ય આયોજન કરાયું હતું. તા. ૧-૩-૨૦૨૧ના રોજ સવારે ૮ કલાકે બંને આચાર્ય ભગવંતો તથા શ્રમણ-શ્રમણીવૃંદનો ભવ્યાતિભવ્ય સામૈયા સાથે પ્રવેશ કરાવાયો હતો.

આ મહોત્સવ દરમ્યાન ૪૫ આગમ મહાપૂજન, શ્રી અષ્ટાદશ અભિષેક, ઋણ ઉત્સવ, શ્રી સમક્તિ અષ્ટપ્રકારી પ્રજા, દ્વાદશભાવના પૂજા, શ્રી પાર્શ્વનાથ પંચકલ્યાણક પૂજા, કેશર છાંટણા, છાબ ભરાઇ, સાંજી, મહેંદી વિતરણ, કુમારપાળ મહારાજા સ્વરૂપ આરતી, પ્રતિરોજ ભક્તિભાવના, વરસીદાનનો વરઘોડો વિગેરે ધર્મ પ્રભાવક કાર્યક્રમો સંપન્ન થયા હતા. અંતિમ દિવસે સવારે શુભવેળાએ શુભમુહૂર્તમાં બંને આચાર્ય ભગવંતો દ્વારા મુમુક્ષુરત્ના પાયલકુમારી,ને વિધિવિધાન સાથે ભાગવતી પ્રવજ્યા અંગિકાર કરાવાઇ હતી. આચાર્ય ભગંવતોએ દીક્ષા ક્રિયા કરાવ્યા બાદ મુમુક્ષુરત્ના પાયલકુમારીનું નામકરણ નૂતન સાધ્વીજીશ્રી સમત્વલતાશ્રીજીના મ.સા. તરીકે ઘોષિત કરાયું હતું. નૂતન સાધ્વીજીશ્રી સમત્વલતાશ્રીજીના જય જયકારથી મંડપ ગુંજી ઉઠ્યો હતો. દિયાવટની પુણ્યધરા પાંથેડીનગરે પ્રથમવાર દીક્ષા પ્રસંગ ઉજવાતાં વિશાળ સંખ્યામાં ગુરૂભક્તોનું આગમન થયું હતું. સાધ્વીજી શ્રી વિધિલતાશ્રીજી, સાધ્વીજી શ્રી માધુર્યલતાશ્રીજી તેમજ સાધ્વીજી શ્રી સમત્વલતાશ્રીજી મ.સા.ના ચરણોમાં સત્ સત્ વંદન.

પૂજ્ય ગચ્છાધિપતિ દ્વારા મુમુક્ષુરત્ના સુહાનીકુમારીને તિલોડાનગરમાં દીક્ષા મુહુર્ત પ્રદાન

થરાદ નિવાસી સંઘવી નાગરદાસભાઇ જીવરાજભાઇ પરિવારની કુલદિપિકા મુમુક્ષુરત્ના સુહાનીકુમારી વિરેન્દ્રભાઇ સંઘવીએ શ્રી ભાંડવપુર મહાતીર્થમાં તીર્થાધિપતિ શ્રી મહાવીર સ્વામી, દાદા ગુરૂદેવશ્રી, પુણ્ય સમ્રાટશ્રી અને યોગિન્દ્રાચાર્ય શ્રી શાંતિવિજયજી મ.સા.ની સમાધિના દર્શન-પૂજન કર્યા હતા. મુમુક્ષુરત્ના સુહાનીકુમારીએ પુણ્ય સમ્રાટની માસિક પુણ્ય સપ્તમી પર વિશેષ પુજા-આરતી કરી તીર્થ યાત્રા કરી હતી. અહીં બિરાજમાન ભાંડવપુર તીર્થોદ્ધારક સંઘશિલ્પી આચાર્ય શ્રીમદ્‌વિજય જયરત્નસૂરિશ્વરજી મ.સા. અને સાધ્વીજીશ્રી અરૂણપ્રભાશ્રીજી મ.સા આદિ શ્રમણ-શ્રમણીવૃંદના દર્શન-વંદન કરી આશિર્વાદ પ્રાપ્ત કર્યા હતા. શ્રી ભાંડવપુર તીર્થ પેઢી દ્વારા મુમુક્ષુરત્ના સુહાનીકુમારીનું બહુમાન કરાયું હતું. સંઘવી નાગરદાસ જીવરાજભાઇ પરિવારજનો શ્રી ભાંડવપુરથી પ્રસ્થાન કરી તિલોડાનગરે બિરાજિત ધર્મદિવાકર ગચ્છાધિપતિ શ્રીમદ્‌વિજય નિત્યસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા. પાસે પહોંચ્યા હતા અને જય જયકારના નારાઓ સાથે મુમુક્ષુરત્ના સુહાનીકુમારીનું દીક્ષા મુહુર્ત પ્રદાન કરવા વિનંતી કરી હતી. પૂજ્ય ગચ્છાધિપતિશ્રીએ સંવત ૨૦૭૭ના ચૈત્ર સુદ ૧૩ ને રવિવાર તા. ૨૫-૪-૨૦૨૧ના રોજ શ્રી પેપરાલ તીર્થમાં આયોજિત સામુહિક દીક્ષા આત્મોદ્ધાર-૪ દીક્ષાનું શુભમુહુર્ત પ્રદાન કર્યું હતું. તિલોડા જૈન સંઘ દ્વારા મુમુક્ષુરત્ના તેમજ પરિવારના વડીલોનું બહુમાન કરાયું હતું.

પૂજ્ય ગચ્છાધિપતિશ્રી દ્વારા દાધાલનગરમાં ૪ મુમુક્ષુરત્નાઓના દીક્ષા મુહુર્ત પ્રદાન

દાધાલનગરે બિરાજમાન ધર્મદિવાકર ગચ્છાધિપતિ શ્રીમદ્‌વિજય નિત્યસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા.ના સાનિધ્યમાં તા. ૭ માર્ચ ૨૦૨૧ના રોજ ચાર મુમુક્ષુરત્નાઓ તથા તેમના પરિવારજનો દાધાલનગરે પહોંચ્યા હતા અને દીક્ષા મુહુર્ત પ્રદાન કરવા વિનંતી કરી હતી. મુમુક્ષુરત્ના તનીષાકુમારી ભરતભાઇ શેઠ (થરાદ), મુમુક્ષુરત્ના આસ્વીકુમારી સુનિલભાઇ વોહેરા (થરાદ), મુમુક્ષુરત્ના પ્રિયાંશીકુમારી અતુલકુમાર મોરખીયા (લાખણી) અને મુમુક્ષુરત્ના આન્સીકુમારી મનીષભાઇ અદાણી (થરાદ)ને સંવત ૨૦૭૭ના ચૈત્ર સુદ ૧૩ને રવિવાર તા. ૨૫-૪-૨૦૨૧ના રોજ શ્રી પેપરાલ તીર્થમાં આયોજિત સામુહિક દીક્ષા આત્મોદ્ધાર-૪ દીક્ષાના મુહુર્ત પ્રદાન કરાયા હતા. ત્યાંથી શ્રી ભાંડવપુર મહાતીર્થે પહોંચી તીર્થને જુહારી આચાર્ય શ્રીમદ્‌વિજય જયરત્નસૂરિશ્વરજી મ.સા. આદિ શ્રમણ-શ્રમણીવૃંદના દર્શન-વંદન કરી આશીર્વાદ પ્રાપ્ત કર્યા હતા.

આત્મોદ્ધાર છે
તો આનંદ છે..

વર્તમાન ઈતિહાસ અજોડ શાસન પ્રભાવક ગુરૂ જયંતસેન જન્મ સ્થળી બનશે ઈન્દ્રપુરી !!

ગુરૂજન્મભૂમિ - અમારી તીર્થભૂમિ શ્રી પેપરાલનગરે ૧૯ મુમુક્ષુરત્નો કરશે આત્મોદ્ધાર

	નામ	ગામ	ઉ. વર્ષ
(૧)	શ્રી વિશ્વકુમાર અશ્વિનભાઈ કોરડીયા	નારોલી (થરાદ)	૧૫
(૨)	અક્ષતકુમાર સમીરભાઈ શેઠ	લુણાલ (થરાદ)	૨૦
(૩)	શ્રી અભિષેક નગીનજી હરણ	રીંગણોદ (મ.પ્ર.)	૨૮
(૪)	શ્રી અક્ષિતકુમાર રોહિતભાઈ સંઘવી	થરાદ	૧૬
(૫)	શ્રી જયંતીલાલ નાથાલા સંઘવી	થરાદ	૭૧
(૬)	શ્રી મૌનકુમાર પિન્ટુભાઈ કોરડીયા	નારોલી (થરાદ)	૧૫
(૭)	શ્રી તીર્થકુમાર અલ્પેશભાઈ મોરખીયા	લાખણી (થરાદ)	૧૩
(૮)	સ્તુતિકુમારી હસમુખભાઈ કોરડીયા	નારોલી (થરાદ)	૨૬
(૯)	માનસીકુમારી ભરતભાઈ વોહેરા	ભલાસરા (થરાદ)	૨૩
(૧૦)	વિરતીકુમારી ચંદ્રકાન્તભાઈ વોહેરા	થરાદ	૨૪
(૧૧)	આયુષિકુમારી જયેશભાઈ ધરૂ	પેપરાલ (થરાદ)	૨૪
(૧૨)	વિરતીકુમારી પ્રણેશભાઈ પરીખ	થરાદ	૧૬
(૧૩)	શ્રુતિકુમારી વિજયભાઈ શેઠ	લુણાલ (થરાદ)	૨૨
(૧૪)	હેત્વીકુમારી નિતીનભાઈ શેઠ	લુણાલ (થરાદ)	૧૬
(૧૫)	તનીષાકુમારી ભરતભાઈ શેઠ	થરાદ	૧૬
(૧૬)	સુહાનીકુમારી વિરેન્દ્રભાઈ સંઘવી	થરાદ	
(૧૭)	આશ્વીકુમારી સુનીલભાઈ વોહેરા	થરાદ	
(૧૮)	પ્રિયાંશીકુમારી અતુલભાઈ મોરખીયા	લાખણી (થરાદ)	
(૧૯)	આન્સીકુમારી મનીષભાઈ અદાણી	થરાદ	

પુણ્ય કોઈને દગો નથી આપતું.... પાપનું કોઈ સગું નથી હોતું..
જે કર્મને સમજે છે એને ધર્મ સમજવાની જરૂર નથી
ધન્ય છે ઉક્ત મુમુક્ષુરત્નોને....

થરાદ નિવાસી દેસાઈ ઉજમશીભાઈ કપુરચંદભાઈ પરિવારના જબીબેન કીર્તિલાલના પુત્રવધુ તથા સ્વર્ગસ્થ દેસાઈ રમેશભાઈના ધર્મપત્નિ મુમુક્ષુરત્ના નીમાબેન સંવત ૨૦૭૭ના વૈશાખ વદ ૫ને રવિવાર તા. ૩૦-૫-૨૦૨૧ના મંગલમય દિવસે અમદાવાદ ખાતે ભાગવતી પ્રવજ્યા અંગિકાર કરી નિર્મળ યાત્રા (સંયમયાત્રા)નો શુભારંભ કરશે.

આહોરનગરે આઠ દીક્ષા સંપન્ન

સંવત ૨૦૭૭ના મહા સુદ ૧૨ ને બુધવાર તા. ૨૪ ફેબ્રુઆરીના રોજ આહોરનગરે (રાજ.) પરમ પૂજ્ય આચાર્ય શ્રીમદ્‌વિજય જયાનંદ સૂરિશ્વરજી મ.સા.ના વરદ્‌હસ્તે આઠ દીક્ષા સંપન્ન થઈ હતી. જેના નૂતન સાધુ-સાધ્વીજી ભગવંતોની નામાવલી અત્રે પ્રસ્તુત છે.

	શ્રાવકનું નામ	નૂતન દિક્ષિત નામ
(૧)	શ્રી ધુડાલાલ ભુદરમલ વોરા	મુનિરાજ શ્રી ધર્મદવિજયજી મ.સા.
(૨)	શ્રી શશીકાન્ત નરપતલાલ પારેખ	મુનિરાજશ્રી શ્રમણવિજયજી મ.સા.
(૩)	શ્રી નિસર્ગ નિતીનભાઇ ભંસાલી	મુનિરાજશ્રી નિર્મલવિજયજી મ.સા.
(૪)	શ્રી શાશ્વત સંજયજી મહેતા	મુનિરાજ શ્રી વિધાનવિજયજી મ.સા.
(૫)	શ્રી ગુણીબેન વિનોદભાઇ વોહેરા	સાધ્વીજી શ્રી મુક્તિદિવ્યાશ્રીજી મ.સા.
(૬)	નેહા રવિન્દ્રજી મુથા	સાધ્વીજીશ્રી મુક્તિવીરાશ્રીજી મ.સા.
(૭)	પારીલ પરાગભાઇ (ટીકુભાઇ મોદી)	સાધ્વીજી શ્રી મુક્તિપ્રીતીશ્રીજી મ.સા.
(૮)	હેતવી મિલનભાઇ શેઠ	સાધ્વીજી શ્રી મુક્તિહીમાશ્રીજી મ.સા.

શ્રી પેપરાલ તીર્થે યોજાનાર આત્મોદ્ધાર-૪માં લાભ લેનાર લાભાર્થીપરિવારો

પત્રિકામાં જય જિનેન્દ્રનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ન વિશ્વકુમાર અશ્વિનભાઇ કોરડીયા, મુમુક્ષુરત્ન મૌનકુમાર પિન્ટુભાઇ કોરડીયા તથા મુમુક્ષુરત્ના સ્તુતિકુમારી હસમુખભાઇ કોરડીયાના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે કોરડીયા બબીબેન ડાહ્યાલાલ રામચંદભાઇ પરિવાર, નારોલી-ડીસા, પ્રથમ દિવસ બપોરની સાધર્મિક ભક્તિનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ના શ્રુતિબેન વિજયભાઇ શેઠ તથા મુમુક્ષુરત્ના હીરલબેન નિતીનભાઇ શેઠના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે શેઠ મોહનલાલ મનજીભાઇ પરિવાર. થરાદ - અમદાવાદ, દ્વિતીય દિવસ વર્ષીદાન શોભાયાત્રા દિવસે સવારની નવકારશીનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ના સુહાનીબેન વિરેન્દ્રભાઇ સંઘવીના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે સંઘવી નાગરદાસ જીવરાજભાઇ પરિવાર, થરાદ-અમદાવાદ, બપોરની સાધર્મિક ભક્તિનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ના આશ્વીકુમારી સુનિલભાઇ વોહેરાના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે વોહેરા જીવીબેન ચુનીલાલ પીતાંબરભાઇ પરિવાર, થરાદ-અમદાવાદ, આત્મોદ્ધાર તથા ચાતુર્માસ ઘોષણાદિવસ સવારની નવકારશીનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ન અક્ષિતકુમાર રોહિતભાઇ સંઘવીના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે સંઘવી બબીબેન મફતલાલ ગગલદાસ પરિવાર, થરાદ-અમદાવાદ, બપોરની સાધર્મિક ભક્તિનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ના પારીલબેન ટીકુભાઇ મોદીની ભાગવતી પ્રવ્રજ્યા નિમિત્તે દોશી, શિલ્પાબેન શશિકાન્ત રમણલાલ

પરિવાર, થરાદ-મુંબઇ.

ભવ્યાતિભવ્ય ત્રિવિભાગીય દાન શાળાનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ના વિરતીબેન પ્રણેશભાઇ પરીખના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે પરીખ સેવંતીલાલ બાદરમલભાઇ પરિવાર થરાદ-મુંબઇ, (કેસર છાંટણા) મુમુક્ષુરત્નોને કેસર અર્પણ કરવાનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ન જયંતિભાઇ નાથાલાલ સંઘવીના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે સંઘવી નાથાલાલ સોભાગચંદભાઇ પરિવાર, થરાદ-અમદાવાદ-મુંબઇ, પ્રથમ દિવસના સિદ્ધચક્રના મહાપૂજનનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ના વિરતીબેન ચંદ્રકાન્તભાઇ વોહેરાના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે વોહેરા શાંતિલાલ ચીમનલાલ નથુચંદભાઇ પરિવાર, થરાદ-મુંબઇ, દ્વિતીય દિવસની શ્રી રાજેન્દ્રસૂરિજી મ.સા. તથા શ્રી જયંતસેનસૂરિજી મ.સા.ની અષ્ટપ્રકારી પૂજાનો લાભ : મુમુક્ષુરત્ના આયુસીબેન જયેશભાઇ ધરૂના આત્મોદ્ધાર નિમિત્તે ધરૂ જયંતિલાલ ચીમનલાલ ભાયચંદભાઇ પરિવાર, પેપરાલ-મુંબઇ, તે સિવાય હીરક સ્તંભ, સ્વર્ણસ્તંભ તથા રજતસ્તંભના કેટલાય ભાગ્યશાળી પરિવારોએ લાભ લીધો છે.
અનુમોદક : શ્રી જયંતસેનસૂરિ શાસન પ્રભાવક ટ્રસ્ટ - પેપરાલ તીર્થ

શ્રી જયંતસેન મ્યુઝીયમ મોહનખેડા ખાતે પુણ્ય સમ્રાટની વાર્ષિક પુણ્યતિથિએ ત્રિદિવસીય મહોત્સવનું આયોજન

પરમ પૂજ્ય રાષ્ટ્ર સંત સમર્થ ગચ્છાધિપતિ મ્યુઝીયમના સંસ્થાપક પુણ્ય સમ્રાટ આચાર્ય દેવેશ શ્રીમદ્‌વિજય જયંતસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા.ની વાર્ષિક પુણ્યતિથિ મ્યુઝીયમમાં બહુ જ ભવ્યતાની સાથે ત્રિદિવસીય મહોત્સવના રૂપમાં મનાવવામાં આવે છે. પુનિત દિવસ મહા સુદ-૧૩ પુણ્ય સમ્રાટના પાટોત્સવ નિમિત્તે શ્રી જયંતસેન મ્યુઝીયમમાં ઉપસ્થિત સમસ્ત સાધ્વીજી ભગવંતોના સાંનિધ્યમાં અને ટ્રસ્ટી મંડળની ઉપસ્થિતિમાં પુણ્ય સમ્રાટના પરમ ગુરૂભક્ત મ્યુઝીયમ પ્રત્યે વિશેષ લગાવ ધરાવતા શ્રેષ્ઠીવર્ય શ્રીમાન અમૃતલાલજી પ્યારચંદજી મોદી પરિવાર રાજગઢના શ્રી લોકેન્દ્રજી મોદીએ પરિવાર સાથે પધારી પુણ્ય સમ્રાટની વાર્ષિક પુણ્યતિતિ પર સંપન્ન થવાવાળા મોહત્સવના મુખ્ય દિવસ ચૈત્ર વદ સપ્તમીના અંતર્ગત થવાવાળા સ્વામી વાત્સલ્યના લાભ આજીવન સુધી લેવાની ભાવના વ્યક્ત કરી હતી. તેમની પ્રબલ ભાવના અને ગુરૂભક્તિને જોઇ ટ્રસ્ટ અધ્યક્ષ શ્રી મિલાપચંદજી ચૌધરીએ પાંચ વર્ષ સુધી લાભ આપવાની સહર્ષ સ્વીકૃતિ પ્રદાન કરી ભૂરી ભૂરી અનુમોદના કરી હતી. જયંતસેન મ્યુઝીયમ ટ્રસ્ટ મંડળના યુવા ટ્રસ્ટી શ્રી સંજયજી હરણ, પ્રબંધક શ્રીવિનોદજી જૈન, શ્રી રાહુલજી જૈન વિગેરે સ્ટાફ દ્વારા લાભાર્થીપરિવારનું બહુમાન કરાયું હતું. આભાર વ્યક્ત શ્રી સંજયજી હરણે કર્યો હતો.

મીઠાખળી અમદાવાદ (રાજનગર)ની ધન્યધરા પર નલીની ગુલ્મદેવ વિમાન જેવા ભવ્ય અનુપમ નૂતન જિનાલયનો ખનન ઉત્સવ સંપન્ન

મૂળનાયક શ્રી શાંતિનાથદાદા, શ્રી આદિનાથદાદાની અસીમકૃપા અને તપોનિષ્ઠ યોગિન્દ્રચાર્ય દાદા ગુરૂદેવ શ્રીમદ્‌વિજય રાજેન્દ્ર સૂરિશ્વરજી મ.સા., પુણ્ય સમ્રાટ આચાર્ય દેવેશ શ્રીમદ્‌વિજય જયંતસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા.ના દિવ્ય આશિષ તથા ધર્મ દિવાકર ગચ્છાધિપતિ શ્રીમદ્‌વિજય નિત્યસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા. - ભાંડવપુર તીર્થોદ્ધારક આચાર્ય શ્રીમદ્‌વિજય જયરત્ન સૂરિશ્વરજી મ.સા. આદિ શ્રમણ-શ્રમણી ભગવંતોના આશિર્વાદથી મીઠાખળી અમદાવાદ (રાજનગર)ની ધન્યધરા પર નલીની ગુલ્મદેવ વિમાન જેવા ભવ્ય અનુપમ શિખરબંધી નૂતન જિનાલય નિર્માણ માટે વિશાળ ભૂમિની ખરીદી કરાઈ હતી.

સંવત ૨૦૭૭ના પોષ સુદ ૧૧ ને રવિવાર તા. ૨૪-૧-૨૦૨૧ના રોજ શ્રી પેપરાલ તીર્થ ખાતે બિરાજમાન ધર્મદિવાકર ગચ્છાધિપતિ શ્રીમદ્‌વિજય નિત્યસેન સૂરિશ્વરજી મ.સા. પાસે શ્રી થરાદ ત્રિસ્તુતિક જૈન સંઘ અમદાવાદ ટ્રસ્ટી મંડળ ગયુ હતું અને ભૂમિપૂજન તથા શિલાન્યાસ માટે મુર્હૂત પ્રદાન કરવા વિનંતી કરી હતી. જેથી પૂજ્યશ્રીએ સંવત ૨૦૭૭ના ચૈત્ર સુદ ૧૧ ને શુક્રવાર તા. ૨૩-૪-૨૦૨૧ના રોજ ભૂમિપૂજન અને સંવત ૨૦૭૭ના ચૈત્ર વદ ૯ ને બુધવાર તા. ૫-૫-૨૦૨૧ના રોજ શિલાન્યાસ માટે મુર્હૂત પ્રદાન કર્યું હતું. જેથી સમસ્ત થરાદ ત્રિસ્તુતિક જૈન સમાજમાં આનંદોલ્લાસ પ્રવર્તીગયો હતો. અમદાવાદ સંઘ ટ્રસ્ટી મંડળના ટ્રસ્ટીશ્રીઓ મુર્હૂતનો સ્વીકાર કરી પાટણનગરે બિરાજિત મુનિરાજશ્રી ચારિત્રરત્ન વિજયજી મ.સા., મુનિરાજશ્રી નિપુણરત્ન વિજયજી મ.સા. આદિઠાણાના દર્શન-વંદન કરી ખુશીની યાત્રા અમદાવાદ પહોંચી પૂર્ણ કરી હતી.

નૂતન જિનાલયના પ્રાપ્ત થયેલા ભૂમિપૂજન અને શિલાન્યાસના મુહૂર્તથી જ શ્રી થરાદ ત્રિસ્તુતિક જૈન સંઘ અમદાવાદના આંગણે પ્રસન્નતાનો મહાસાગર લહેરાઈ ગયો હતો અને શાંતિ-આદિ અને ગુરૂવર્યોને નૂતન જિનાલયમાં ગાદીએ બેસાડવા સહુની આતુરતા વધી ગઈ હતી. નૂતન જિનાલયના ભૂમિપૂજન અને શિલાન્યાસના ચઢાવા અંગે મુનિરાજશ્રી જિનાગમરત્ન વિજયજી મ.સા. આદિઠાણા તેમજમાલવમણી વયોવૃદ્ધ સાધ્વીજી શ્રી સ્વયંપ્રભાશ્રીજી મ.સા. આદિઠાણાની નિશ્રામાં શ્રી રાજેન્દ્રસૂરિ આરાધના ભવન, મીઠાખળી અમદાવાદ ખાતે ખનન ઉત્સવ નામકથી ચડાવા બોલાવવા સંવત ૨૦૭૭ના મહા વદ ૭ને શુક્રવાર તા. ૫-૩-૨૦૨૧ના રોજ આયોજન કરાયું હતું. ખનનવિધિ ચડાવાની જાજમનો લાભ સંઘવી શાંતાબેન કેશવલાલ વીરચંદભાઈ પરિવારે લીધો હતો. તા. ૫-૩-૨૦૨૧ના રોજ સવારે ૮-30 કલાકે સકળ

સંઘ લાભાર્થીપરિવારના નિવાસસ્થાન રેજન્સી ફ્લેટ મીઠાખળી ખાતે પહોંચ્યા હતો અને લાભાર્થી પરિવારજનો અને સકળ સંઘ વાજતે-ગાજતે આરાધના ભવન ખાતે પહોંચ્યા હતા અને શુભ મુર્હૂતે જાજમ બિછાવવામાં આવી હતી. આ સમયે ઉપસ્થિત સહુની આંખોમાંથી હર્ષના આંસુ વહી ગયા હતા. અંતરની ઉર્મિઓ આકાશને સ્પર્શીગઇ હતી. થરાદ ત્રિસ્તુતિક જૈન સંઘ અમદાવાદમાં અભૂતપૂર્વ ભાવોલ્લાસનું વાતાવરણ છવાઇ ગયું હતું અને દાતા પરિવારોએ ખરા અર્થમાં વિક્રમસર્જક ચડાવા બોલી તેમની લક્ષ્મીનો છૂટા હાથે સદ્‌વ્ય કર્યો હતો. આ પ્રસંગે વિવિધ ચડાવાનો લાભ લેનાર દાતા પરિવારો નામ અત્રે પ્રસ્તુત છે.

ભૂમિ પ્રવેશનો લાભ : સંઘવી શાંતાબેન કેશવલાલ વીરચંદભાઇ પરિવાર, ભૂમિગ્રહણનો લાભ : સંઘવી બબીબહેન કાળીદાસ વીરચંદભાઇ પરિવાર, ભૂમિપૂજનનો લાભ : સંઘવી ભીખીબેન ભુદરમલભાઇ કાળીદાસ (ભંડારી) પરિવાર, ભૂમિખનનનો લાભ અગ્નિખૂણા : વોહેરા ત્રિભોવનદાસ મલાચંદભાઇ પરિવાર, અખંડ દિપકનો લાભ : (ખનન ઉત્સવથી પ્રતિષ્ઠાના આગળના દિવસ સુધી) દોશી વીજુબેન બબલદાસ ઓતમચંદભાઇ પરિવાર, દશદિકપાલ પાટલા પૂજનનો લાભ : બલ્લુ ચંપાબેન જયંતિલાલ મણિલાલ પરિવાર, નવગ્રહ પાટલા પૂજનનો લાભ : વીરવાડીયા શાંતાબેન બાબુલાલ વીરચંદભાઇ પરિવાર, ખનનવિધિ વખતે ભાતીની પ્રભાવના અને આજ વિધિ નિમિત્તે ઘેર ઘેર મીઠાઇના વિતરણનો લાભ : વોરા રસીકલાલ કાળીદાસ પરિવાર (આર.કે.), શિલાન્યાસથી પ્રતિષ્ઠા દિવસ સુધી સાંકળી અઠમની આરાધના કરનાર આરાધકોનું ૧૦૦ ગ્રામ ચાંદીના સિક્કાથી બહુમાન કરવાનો લાભ : વોહેરા ત્રિભોવનદાસ મલાચંદભાઇ પરિવાર, ઉક્ત ચડાવાના લાભાર્થીપરિવારોએ સાધારણ ખાતામાં સારી એવી રકમ લખાવી હતી. જ્યારે સાધારણ ખાતામાં અદાણી છોટાલાલ વીરચંદભાઇ પરિવાર, સંઘવી નરપતલાલ વીરચંદભાઇ પરિવાર, વોરા હીરાલાલ શામજીભાઇ પરિવાર, સંઘવી ભીખાલાલ સ્વરૂપચંદભાઇ પરિવાર, માજની ભોગીલાલ સ્વરૂપચંદભાઇ પરિવાર, અદાણી નરપતલાલ માનચંદભાઇ પરિવાર, વોરા શાંતિલાલ દીપચંદભાઇ પરિવારે લાભ લીધો હતો. ચડાવાના લાભાર્થીપરિવાર સહિત આસોપાલવ પરિવારે અને છોટાલાલ વીરચંદભાઇ અદાણી પરિવારે પણ થરાદ પાંજરાપોળમાં મોટી રકમ લખાવી હતી.

પરિષદ પરિવારના આહ્‌વાન પર....

પરિષદ પરિવારના આહ્‌વાન પર આત્મોદ્ધાર-૪ની અનુમોદનાર્થે તા. ૨૧ માર્ચના રોજથી બેંગ્લોર-વિજયવાડા, મૈસૂર વિગેરે સ્થળોએ મોટી સંખ્યામાં સાંકળી આયંબિલ તપ આરાધનાનો શુભારંભ થઇ ગયો છે.

શ્રી પેપરાલ તીર્થે યોજાનાર આત્મોદ્ધાર-૪માં જોડાયેલ
મુમુક્ષુરત્નોના બહુમાનની રૂપરેખા

૭ માર્ચ : મીઠાખળી અમદાવાદ શ્રીસંઘમાં શક્રસ્તવ અભિષેક શોભાયાત્રા, બહુમાન અને વિદાય સમારોહ, સંવેદના : ઈશાનભાઈ શાહ, સ્વર દેવાંશભાઈ દોશી, કુંજ દોશી, કશીશ ધરૂ, ૨૧ માર્ચ : ડીસા સંઘમાં અનોખી બાંદોલી, બહુમાન સમારોહ અને ભાવવાહી વિદાય સમારોહ, સંવેદના : ભાવિકભાઈ મહેતા, સ્વર : દેવાંશભાઈ દોશી, જૈનભાઈ વારીયા, ૨૮ માર્ચ : વાડજ-અમદાવાદ શ્રી સંઘમાં ભવ્યાતિભવ્ય શોભાયાત્રા, બહુમાન અને ભાવવાહી વિદાય, ૪ એપ્રિલ - ભાયંદર-મુંબઈ શ્રી સંઘમાં શક્રસ્તવ અભિષેક, ભવ્યાતિભવ્ય બાંદોલી, બહુમાન અને ભાવવાહી વિદાય, ૧૧ એપ્રિલ : સુરત નગરે, ભવ્યાતિભવ્ય શોભાયાત્રા, બહુમાન અને વિશિષ્ટ વિદાય સમારોહ.



મુનિરાજ શ્રી
પુષ્પદંતવિજયજી મ.સા.

